दैनिक
नव प्रदेश
आदित्यवर्ण तमस: परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर | 2 | अभिव्यक्ति | 3 | राजधानी | 6 | छत्तीसगढ़ | 7 | खेल/मनोरंजन/बिजनेस

RNI NO.MPHIN/2020/81503 | जबलपुर,शुक्रवार 14 जुलाई 2023,कृष्ण पक्ष एकादशी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-3 अंक-233, पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए | जबलपुर, भोपाल, रायपुर, बिलासपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित | www.navpradesh.com

विद्यार्थी अपनी सोच और कार्यों से देश-दुनिया की समस्याओं का समाधान खोजें : राष्ट्रपति मुर्मु

जीवन में स्वयं से सवाल कर अपने को बेहतर बनाने के प्रयास निरंतर जारी रहे

राष्ट्रपति के मुख्य आतिथ्य में ट्रिपल आईटीएम का चतुर्थ दीक्षांत समारोह

राज्यपाल पटेल, मुख्यमंत्री चौहान एवं केन्द्रीय मंत्री सिंधिया भी हुए शामिल

परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष काकोड़कर डॉक्टर ऑफ साइंस की मानद उपाधि से सम्मानित

ग्वालियर / भोपाल/नवप्रदेश। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कहा विद्यार्थी आत्म-विश्वास के साथ दुनिया में कदम रखें और आगे बढ़ते जाये। लक्ष्य से निगाह न हटने दें, कोई भी बाधा और चुनौती आपको अपना लक्ष्य हासिल करने से नहीं रोक पाएगी। सफल होकर आप सब दूसरों को भी आगे बढ़ने में मदद करें। साथ ही शिक्षा का उपयोग कर देश को आगे ले जाये और अपनी सोच व कार्यों से देश व दुनिया की समस्याओं का समाधान ढूँढने में योगदान दें। जीवन में स्वयं से सवाल कर अपने को बेहतर बनाने के प्रयास निरंतर जारी रहे। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु गुरूवार को अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान ग्वालियर (ट्रिपल आईटीएम) के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को संबोधित कर रही थी। समारोह में

प्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, ट्रिपल आईटीएम संचालक मण्डल के अध्यक्ष श्री दीपक घैसास एवं ट्रिपल आईटीएम के निदेशक प्रो. श्रीनिवास सिंह मंचासीन थे।

समारोह में जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह, सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर एवं ट्रिपल आईटीएम संचालक मण्डल के सदस्य मौजूद थे।

समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व चेयरमेन पद्मविभूषण डॉ. अनिल काकोड़कर को डॉक्टर ऑफ साइंस की मानद उपाधि से सम्मानित किया। साथ ही 7 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किए। वर्ष 2023 में पास आउट 283 विद्यार्थियों को बीटेक, एमटेक एवं मेनेजमेंट की उपाधियाँ प्रदान की गईं। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने ट्रिपल आईटीएम में 500 बेड के छात्रावास की आधारशिला भी रखी। साथ ही मलिन बस्तियों के बच्चों से मुलाकात कर उन्हें पुस्तकें भेंट की। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने विद्यार्थियों से अपेक्षा की कि आप सब समाज के उन लोगों के बारे में भी सोचें जो विकास की यात्रा में थोड़े पीछे रह गए हैं। समाज के प्रति उत्तरदायित्व की धारणा आपकी प्रगति के लिये उपयोगी सिद्ध होगी। दूसरों की सहायता करने से स्वयं की क्षमताओं का भी विकास होता है, यह मेरा भी निजी अनुभव है। राष्ट्रपति ने कहा कि अनुसूचित जनजाति की सबसे बड़ी आबादी मध्यप्रदेश में रहती है। प्रसन्नता की बात है कि मध्यप्रदेश में कमजोर वर्गों एवं महिलाओं का कल्याण करने की भावना के साथ अच्छे कदम उठाए **शेष पृष्ठ 5 पर**

आज बेबाक

एक फिल्म आई थी गदर। उसी प्रेम कहानी पर अब एक और फिल्म बन सकती है सीमा पार का प्यार फिलहाल इस संभावित फिल्म का कुछ खबरिया चैनल धारावाहिक प्रसारण कर रहे हैं। पब्जी खेलते-खेलते भारतीय युवक सचिन से दिल लगा बैठी चार बच्चों की मां सीमा पाकिस्तान से भारत आ गई। हिन्दू रीति रिवाज से शादी कर ली। अब वह इस बात पर अड़ गई है कि वह वापस पाकिस्तान नहीं जाएगी। वहां गई तो मार डाली जाएगी। बहरहाल डर है कि अजब प्रेम की गजब कहानी कहीं हारर फिल्म के रूप में तब्दील ना हो जाए।

//-- सुविचार --//

क्या खूब लिखा हैं किसी ने संगत का जरा ध्यान रखना साहब, संगत आपकी ख़राब होगी और बदनाम माँ बाप और संस्कार होंगे।

जनसंख्या

विश्व : 8,044,024,609

भारत: 1,422,064,745

बाजार

संसेक्स : 65,558.89

निफ्टी: 19,423.75

गोल्ड : 55,230 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 79,500 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 4.55 प्रति नग

गरमा-गरम

मप्र विधान सभा का अंतिम सत्र बना ऐतिहासिक!

राजेंद्र कानूनगो

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश विधानसभा का अंतिम सत्र इतनी बुरी स्थितियों में समाप्त होगा, इसकी कल्पना किसी ने नहीं की थी। मध्य प्रदेश के इतिहास में विधानसभा का अंतिम सत्र जो, बिल्कुल कम से कम अवधि के लिए बुलाया गया था, मात्र 5 दिन के लिए। दुख है कि वह 5 दिन भी नहीं चल पाया, और मात्र 2 दिन में समाप्त हो गया। वह भी पहला दिन हंगामे में आधे समय चल पाया, और दूसरे दिन भी हंगामे में सदन की सारी कार्यवाही, जितने भी विधायक थे, वह सब हंगामे के बीच पारित हुए, और विधानसभा अध्यक्ष को सदन को अनिश्चित काल तक के लिए स्थगित करने की घोषणा करनी पड़ी। क्योंकि लॉबी में विपक्ष के विधायक न सिर्फ हंगामा कर रहे थे, बल्कि वे धरने पर भी बैठ गए थे । बड़ी असहाय सी थी लोकतंत्र की। जनता एक एक वोट देकर अपना विधायक चुनकर भेजती है, यह

कल्पना कर कि ये विधायक सदन में हमारी बात रखेंगे। लेकिन सदन में हो क्या रहा है ? सिर्फ हंगामा । यह सिर्फ वर्तमान सत्र का हाल नहीं है, इसके पूर्व भी जितने सत्र हुए हैं, उनमें भी कई बार हंगामे होते रहे। सत्रों में लगातार बैठकों की संख्या में अत्यंत कमी आती जा रही है, और इसका सीधा-सीधा प्रभाव आम मतदाता के जीवन पर पड़ रहा है। आम जनता की समस्याओं पर सदन में कोई चर्चा नहीं हो पाती है। वर्तमान सत्र की भी यदि बात करें, तो विपक्ष के पास सरकार को घेरने के इतने मुद्दे थे कि जिन्हें गिनाना कठिन है। लेकिन हुआ क्या ? विपक्ष ने हंगामे का रास्ता चुना ।जबकि उसे चर्चा का रास्ता चुनना चाहिए था। चर्चा होती नियमों के अनुसार, प्रश्न के माध्यम से, ध्यानाकर्षण के माध्यम से, स्थगन के माध्यम से। लेकिन विपक्ष इन सारे माध्यमों को छोड़ चुका और मात्र हंगामा कर, उसने सरकार को सहयोग किया, कि वह इस हंगामे के बीच में अपना सारा विधि विधाई कार्य पूर्ण कर ले और सदन के अंतिम सत्र को मात्र 2 दिन में अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दे । इसमें सत्ता पक्ष की जितनी गलती है, उससे ज्यादा गलती विपक्ष की है । हालांकि हम सत्तापक्ष को दूध का धुला नहीं मानते। सत्ता पक्ष के तो मन की बात हो गई । वह इन सब मुद्दों पर चर्चा करने से बच गया। क्योंकि सत्तापक्ष इसमें पूरी तरह से घिर रहा था। सीधी का पेशाब कांड हो, महाकाल लोक का कांड हो, सतपुड़ा का कांड हो और भी कई छोटे-मोटे ऐसे कांड थे, जिन पर सत्ता पक्ष पूरी तरह से घिर सकता था, वह उससे बच गया । सदन का अंतिम सत्र पूरा हो गया। अब सब चुनाव में जाएंगे । अब विधायक गण किसको किसको समझाएंगे कि हमने विधानसभा में हंगामा किया जज हमारी बात नहीं सुनी गई। यह सारी बात है व्यर्थ है । विपक्ष को चर्चा कर निष्कर्ष निकलवाना था । परंतु सत्तापक्ष इस मामले में सिरमौर रहा कि वह विपक्ष को उत्तेजित कर नारेबाजी मजबूर कर चुका और वह पतली गली से साफ-साफ इन मुद्दों का जवाब देने से बच कर निकल गया । आप यह कह सकते हैं कि विधानसभा जो लोकतंत्र का एक बड़ा स्थल है, वह निश्चित रूप से इस सत्र के कारण कलंकित हुआ है, इसमें कोई दो मत नहीं है।

इसरो के चंद्रयान-3 की लॉचिंग आज, पूरी दुनिया की नजर

नई दिल्ली (एजेंसी)। इसरो आज 14 जुलाइ को दोपहर 2 बजकर 35 मिनट पर आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से चंद्रयान 3 लॉन्च करने जा रहा है। चंद्रयान 3 मिशन के अंतर्गत इसका रोबोटिक उपकरण 24 या 25 अगस्त को चांद के उस हिस्से (शेकलटन क्रेटर) पर उतरेगा जहां अभी तक किसी भी देश का कोई अभियान नहीं पहुंचा है। इसी वजह से पूरी दुनिया की निगाहें भारत के इस मिशन पर हैं। पहले के मुकाबले

इस बार चंद्रयान 3 का लैंडर ज्यादा मजबूत पहियों के साथ 40 गुना बड़ी जगह पर लैंड होगा। चंद्रयान 3 को जीएसएलयू एमके 3 रॉकेट से लॉन्च किया जाएगा। लैंडर को **शेष पृष्ठ 5 पर**

चौथा देश बन जाएगा भारत

एक सफ ल मिशन भारत को ऐसी उपलब्धि हासिल करने वाले देशों के एक विशिष्ट क्लब में शामिल होते हुए देखेगा, अन्य देशों में संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और पूर्व सोवियत संघ शामिल हैं। वहीं, चंद्रयान 3 भारत को चंद्रमा की सतह पर अपना अंतरिक्ष यान उतारने वाला चौथा देश बन जाएगा। बता दें कि चंद्रयान-3 मिशन के लिए इसरो के सबसे भरोसेमंद रॉकेट LVM-x (Launch Vehicle Mark – III) से लॉन्च किया जाएगा।

पुलिस पिटाई से भाजपा नेता की मौत

पटना । सरकार के खिलाफ बिहार विधानसभा मार्च कर रहे बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। पुलिस पिटाई में कई नेता और कार्यकर्ता घायल हो गए। पिटाई से जहानाबाद के जिला महामंत्री विजय सिंह की मौत हो गई। पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी ने ट्वीट करके इसकी जानकारी दी है। पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के अधीक्षक आईएस ठाकुर ने मौत की पुष्टि की है। मौत के बाद अस्पताल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। विधानसभा परिसर में नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा धरने पर बैठ गए। बीजेपी ने सीएम नीतीश कुमार का इस्तीफा मांगा है। आज बीजेपी राजभवन मार्च करेगी। बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं को डाकबंगला चौराहे पर पुलिस ने रोकने की कोशिश की थी। जब वे नहीं माने तो पहले वाटर कैनन से पानी की बौछार की। आंसू गैस के गोले छोड़े। फिर दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने पत्थरबाजी की। पुलिस पर मिर्ची स्प्रे से हमला किया। पुलिस ने महाराजगंज सांसद जनार्दन सिग्रीवाल को भी लाठी से पीटा और धक्का दिया। इसमें वह घायल हो गए। उनके सिर और चेहरे पर चोट आई है। जनार्दन सिंह सिग्रीवाल आईजीआईएमएस के प्राइवेट **ठ शेष पृष्ठ 5 पर**

दो दिवसीय दौरे पर फ्रांस पहुंचे मोदी

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 दिन के दौरे पर फ्रांस पहुंच गए हैं। यहां पेरिस के जिस होटल वो ठहरेंगे, उसके बाहर भारतीय मूल के लोगों ने भारत माता की जय के नारों के साथ पीएम मोदी का स्वागत किया। इससे पहले शाम करीब 4 बजे प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बॉर्न ने मोदी को एयरपोर्ट पर रिसीव किया। यहां रेड कार्पेट बिछाकर उनका स्वागत किया गया। एयरपोर्ट पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। पीएम मोदी को फ्रांस के नेशनल डे यानी बैस्टिल डे पर बतौर चीफ गेस्ट इनवाइट किया गया है। दूसरी तरफ , डिफेंस काउंसिल ने भारतीय नौसेना के लिए 26 राफेल-रू लड़ाकू विमान

खरीदने के प्रपोजल को मंजूरी दे दी है। इसके अलावा नेवी 3 स्कॉर्पीन क्लास सबमरीन भी खरीदेगी। पीएम मोदी का ये दौरा ऐसे वक्त पर हो रहा है, जब भारत-फ्रांस की स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप को 25 साल पूरे हो गए हैं। मोदी से पहले 2009 में मनमोहन सिंह भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री बने थे, जिन्हें बैस्टिल डे में चीफ गेस्ट के तौर पर न्योता मिला था।

वैज्ञानिक अनुसंधान निधि में कटौती न करे सरकार : खडगे

नई दिल्ली । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने वैज्ञानिक अनुसंधान निधि में कटौती के सरकार के निर्णय को बेतुका बताते हुए कहा है कि यदि अनुसंधान नहीं होगा तो देश की प्रगति थम जाएगी इसलिए वैज्ञानिकों की अनुसंधान से जुड़ी निधि में कटौती नहीं की जानी चाहिए। खडगे ने यहां जारी बयान में आज कहा कि मोदी सरकार देश में वैज्ञानिक अनुसंधान को खत्म करने पर तुली है और उसके इस कदम से राष्ट्र की प्रगति बाधित हो रही है। उन्होंने कहा कि शीर्ष अनुसंधान संस्थानों के वैज्ञानिकों को अभी तक चालू वित्त वर्ष के लिए धन नहीं मिला है और वे अनुसंधान जारी रखने के लिए अपनी मेहनत की कमाई का उपयोग करने को मजबूर हैं। ऐसे समय में जब सरकार ने **ठ शेष पृष्ठ 5 पर**

आईएनएस विक्रांत को मिलेंगे 26 राफेल लड़ाकू विमान

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फ्रांस यात्रा के बीच सरकार ने फ्रांस से नौसेना के लिए 26 राफेल एम लड़ाकू विमानों तथा स्कोर्पिन श्रेणी की तीन पनडुब्बियों की खरीद की मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को यहां हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ही फ्रांस की अधिकारिक यात्रा के लिए रवाना हुए थे। उनकी यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कई समझौते होने हैं। इनमें नौसेना के लिए 26 राफेल एम लड़ाकू विमानों की खरीद से संबंधित समझौता होने की भी संभावना है। इन विमानों को देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर तैनात किया जायेगा। नौसेना ने परीक्षणों के बाद अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-18 की तुलना में राफेल एम को तरजीह दी है। राफेल एम विमानों की खरीद को जरूरत के आधार पर मंजूरी दी गयी है और ये विमान फ्रांस सरकार से अंतर सरकार समझौते के तहत खरीद जायेंगे।

बघेल वर्सेस बघेल का नरेटिव सेट कौन कर रहा है?

यशवंत धोटे

रायपुर/नवप्रदेश । *छत्तीसगढ़ की राजनीति में यह जग जाहिर है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और भाजपा सांसद विजय बघेल रिश्ते में चाचा भतीजा होने के बावजूद वैचारिक तौर पर दोनो एक-दूसरे के घोर विरोधी हैं। दोनों की पारिवारिक और राजनीतिक पृष्ठभूमि अलग-अलग दलीय विचारधारा की है। लेकिन दोनों नेताओ के राजनीतिक गुरू चन्दूलाल चन्द्राकर और वासुदेव चन्द्राकर रहे हैं। अलबत्ता सांसद विजय बघेल के पिता नम्मूलाल बघेल जनसंघ से जुड़े थे जबकि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिता नंदकुमार बघेल खाटी समाजवादी विचारधारा के हैं। 90 के दशक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का राजनीतिक उद्भव युवक कांग्रेस की राजनीति से हुआ, वहीं विजय बघेल बीएसपी में नौकरी करते हुए 1985 से ही ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी बन गए थे। 1993 में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पहली बार विधायक चुने जाने के बाद से ही दोनों परिवारों या यूं कहे भूपेश बघेल और विजय बघेल के बीच राजनीतिक प्रतिद्वन्दिता परवान चढ़ रही थी । 1993 और 1998 के विधानसभा चुनाव जीतने के बाद भूपेश इतने ताकतवर तो हो ही गए थे कि अपने राजनीतिक प्रतिद्वन्दी को नाको चने चबवा सके। जून 1999 में अविभाजित मध्यप्रदेश की सरकार ने चरौदा नगर पालिका का चुनाव घोषित किया तो उसमें विजय बघेल ने कांग्रेस से टिकिट मांगी लेकिन नहीं मिली। नतीजतन निर्दलीय लड़े और जीत भी गए। नये राज्य में पहला विधानसभा चुनाव 2003 में हुआ और एनसीपी की टिकिट से विजय बघेल चुनाव लड़े लेकिन भूपेश बघेल से हार गए। इस समय पाटन में भाजपा की सबसे बुरी हार हुई। एनसीपी दूसरे और भाजपा तीसरे*



*नंबर पर थी। लेकिन 2004 में पूर्व सांसद ताराचंद साहू की पहल पर विजय बघेल भाजपा में शामिल हुए। उन्होंने दूसरा विधानसभा चुनाव भाजपा से 2008 में लड़ा और जीत गए। तीन चुनावो के बाद यह भूपेश बघेल की पहली हार थी। हालांकि 2013 में फिर दोनों आमने-सामने लड़े लेकिन इस बार फिर भूपेश बघेल चुनाव जीते और 2013 में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बन गये । उन पांच सालों में भूपेश बघेल ने पूरे प्रदेश की राजनीतिक नब्ज को पकड़ा और 2018 के चुनाव परिणाम के बाद बनी में बम्पर जनादेश वाली कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री बन गए। 15 साल के भाजपाई तिलिस्म को नेस्तनाबूद करके भूपेश बघेल बतौर टीम लीडर 2023 के चुनाव में पूरी सत्ता और संगठन के साथ फिर मैदान में है। इधर विजय बघेल का असल राजनीतिक उद्भव कांग्रेस से बाहर निकलने के बाद हुआ। भले ही वे 2013 का विधानसभा चुनाव हार गए और 2018 में उन्हें भाजपा ने कहीं से भी टिकिट नहीं दी, लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में दुर्ग लोकसभा सीट से सबसे अधिक 3 लाख 93 हजार वोट से चुनाव जीते। लेकिन भाजपा के फ्रन्टलाईनर अगड़े वर्ग के नेताओ की जमात ने विजय बघेल को पनपने ही नहीं दिया। लेकिन पिछले पांच साल में भूपेश बघेल के मुख्यमंत्रीत्व काल में स्थानीय मुद्दों को लेकर जो जागृति आई उसमें उन्होंने अपने को मूल छत्तीसगढ़ नेता के रूप में स्थापित कर दिया। इधर भाजपा का अन्दरूनी सर्वे बार बार इस बात को बता रहा है कि जब तक किसी स्थानीय नेता को सामने नहीं लाया जाता चुनाव जीतना मुश्किल है । हालांकि भाजपा ने प्रदेश अध्यक्ष के रूप में अरूण साव (साहू) और नेता प्रतिपक्ष के रूप में नारायण चन्देल (कुर्मी) को सामने किया है । लेकिन अब तक कोई करिश्मा होता नहीं दिख रहा है। अब भाजपा ने सांसद विजय बघेल को घोषणा पत्र समिति का संयोजक बना दिया है। इस पर कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी महासचिव शैलजा से पत्रकारों ने सवाल पूछा तो उनका एक जवाब था कि **"लगता है भाजपा प्रदेश में बघेल वर्सेस बघेल करना चाहती है लेकिन हमारे बघेल भाजपा के बघेल से बेहतर हैं।"** बस सवाल यहीं से खड़ा होता है कि आखिर **बघेल वर्सेस बघेल** का ये नरेटिव सेट कौन कर रहा है ?*

संपादकीय

बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं चिंतनीय

दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस हाईवे में रांग साईड से आ रही एक स्कूली बस ने एक कार के परखचें उड़ा दिए नतीजतन कार में सवार 5 लोगों की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं बस में सवार एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो हुआ जिसकी उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने स्कूल बस चालक को गिरफ्तार कर लिया है लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या इस भीषण सड़क हादसे के लिए सिर्फ वह स्कूली बस चालक ही जिम्मेदार है? यातायात विभाग के अधिकारी और कर्मचारी आखिर क्या कर रहे थे? यदि कोई भी वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करता है। तो उसे मौके पर ही रोकने और उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की जिम्मेदारी यातायात विभाग के अमले पर है। देखा जा रहा है कि यातायात विभाग का भारी भरकम अमला अपनी यह जिम्मेदारी निभाने में विफल रहा है। अब तो देश के सभी प्रमुख शहरों और कसबो तक में सभी चौक चौराहों पर एक्ट्रानिक सिंग्नल लग गए है। जिसकी वजह से यातायात विभाग के कर्मचारियों पर यातायात नियंत्रित करने के काम का दबाव काफी हद तक हट गया है। जिन चौक-चौराहों पर पहले तीन से चार यातायात कर्मियों की ड्यूटी लगती थी अब इलेक्ट्रानिक सिंग्नल लगने के बाद एक कर्मचारी ही काफी होता है। कार्यबोझ कम हो जाने के बावजूद यातायात पुलिस कर्मी यदि यातायात को सुचारू बनाने में और यातायात के नियमों का उल्लंघन में रोकने में असफल सिद्ध हो रहे है तो इससे यह स्पष्ट है कि वे अपने दायित्व के निर्वहन के प्रति घोर लापरवाही बरत रहे हैं। यातायात विभाग के अफसरों और पुलिस कर्मियों को वाहन चालकों से अवैध वसूली करते हुए सरे आम देखा जा सकता है। उनका पूरा ध्यान ऐसे वाहनों पर होता है जिनसे वे चार पैसे वसूल सके। यातायात विभाग पुलिस के इसी लालच ने सड़क दुर्घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि की है। आज स्थिति यह है कि देश में हर एक घंटे के भीतर 18 लोग और प्रतिदिन चार सौ लोग सड़क दुर्घटना में मारे जाते है। लगभग एक हजार लोग प्रतिदिन सड़क दुर्घटना में अपने हाथ पांव तुड़वाते है और गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। इनमें से तो कई जीवन भर के लिए अपंग हो जाते हैं। भारत में बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं निश्चित रूप से गहन चिंता का विषय है। इन सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए यातायात नियमों का कड़ाई पूर्वक पालन सुनिश्चित करना होगा। इसके साथ ही वाहन चालन के दौरान घोर लापरवाही बरते वाले वाहन चालकों के खिलाफ भी और कड़ी सजा का प्रावधान करना होगा। शराब या अन्य नशीली वस्तुओं का सेवन कर वाहन चलाने वालों के लाइसेंस तो हमेशा के लिए जप्त करने होंगे। इसके साथ ही सड़कों के किनारे बढ़ रहे अवैध कब्जों को भी हटाने के लिए कड़े कदम उठाने होंगे। जब तक इस तरह की कारगर पहल नहीं की जाएगी। इस तरह के दर्दनाक सड़क हादसों की पूर्नावृत्ति नहीं रोका जा सकेगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस बारे में केन्द्र व राज्य सरकारें यथाशीघ्र उचित पहल करेंगी।

विचार

पार्सल बोगी में यात्रा

कोरोनाकाल से ट्रेनों का जो ढर्रा बिगड़ा है, वह आज तक पटरी पर नहीं लौट पाई है। लेटलतीफी और संधारण कार्य रेल लाइन दोहरी-तिहरीकरण का कार्य अब तक पूर्ण नहीं होने के कारण आज भी कोरोनाकाल जैसी स्थिति निर्मित है। ट्रेनों का निर्धारित समय से परिचालन लोगों को याद ही नहीं है। पिछले 6 माह से रेल लाइन दोहरी करण के कारण ट्रेनों को निरस्त किया जा रहा है या जो ट्रेन 3-4 घंटे में टाइम रिकवर कर रही है, उसे गंतव्य मार्ग तक चलाया जा रहा है। रेलवे के डिस्प्ले बोर्ड पर ट्रेनों की वास्तविक स्थिति कभी दिखाई ही नहीं देती है। कौन से प्लेटफार्म पर कौन सी गाड़ी आएगी, यह दर्शाया जाता लेकिन समय का उल्लेख नहीं किया जाता कि फलां गाड़ी अपने निर्धारित समय से 6 घंटे या 8 घंटे लेट चल रही है। ट्रेनों के परिचालन की स्थिति इन दिनों ठीक नहीं है। सालभर से एक्सप्रेस ट्रेनें निर्धारित समय से घंटों विलंब चल रही है। जब स्टेशन पहुंचती है तो इतनी भीड़ रहती है कि स्लीपर तो दूर जनरल कोच तक बैठने की जगह नहीं रहती। इसके चलते कुछ एक्सप्रेस ट्रेनों की पार्सल बोगी में यात्री सफर करने को मजबूर हैं। इसके अलावा लेटलतीफी के कारण लोकल, पैसेंजर व मेमू ट्रेनों में पैर तक रखने की जगह नहीं है। क्षमता से अधिक भीड़ की वजह से यात्रियों के बीच आए दिन विवाद भी देखा जा सकता है। एक समय था, जब ट्रेन समय पर चलाने के लिए रेलवे की वाहवाही होती थी। अब स्थिति बिल्कुल उल्टा है। अब यात्रियों को यह इंतजार है कि ट्रेनें कब समय पर चलेंगी। खासकर उत्कल एक्सप्रेस, आजाद हिंद एक्सप्रेस, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, गोंडवाना एक्सप्रेस, मेल, जम्मूतवी एक्सप्रेस, ज्ञानेश्वरी सुपरडीलक्स, हमसफर एक्सप्रेस जैसी लंबी दूरी की ट्रेनें। जिनमें सालभर यात्रियों की भीड़ रहती है। स्लीपर व एसी कोच के साथ- साथ जनरल कोच में तो पैर तक रखने की जगह नहीं रहती। ये ट्रेनें 10 से 15 घंटे देरी से चल रही है। गुरूवार को भी स्थिति कुछ इसी तरह रही। बुधवार को तो रक्सौल- सिकंदराबाद एक्सप्रेस का नजारा चौंकाने वाला था। इस ट्रेन की जनरल बोगी यात्री ठूंस-ठूंसकर बैठे थे। जिन यात्रियों को जगह नहीं मिली, वह स्लीपर में और बड़ी संख्या में यात्री इस ट्रेन की जनरल बोगी में बैठकर यात्रा करते नजर आए। यात्रियों का विकल्प सुनिए कहते है कि स्लीपर बोगी में यात्रा करने पर जुर्माना लगता है। हमारे पास जनरल बोगी का टिकट है। जुर्माना से बचने के लिए हम पार्सल बोगी में सवार हो गए। इस बोगी में रेलवे की जांच टीम नहीं पहुंचती। वहीं दूसरी तरह रायपुर, कोरबा, कटनी व शहडोल जाने वाली ट्रेनों के अधिकांश कोच में भीड़ रहती है। इस रूट की एक्सप्रेस ट्रेनों की लेटलतीफी मुख्य वजह थी। ट्रेन के अंदर यात्रियों की इतनी भीड़ थी कि यात्री फर्श पर बैठकर यात्रा करने के लिए विवश नजर थे। ट्रेन में सवार यात्री पसीने से तरबतर नजर आए। सबसे बदत्तर स्थिति दुर्ग से जम्मूतवी व उधमपुर जाने वाली ट्रेन की रहती है। इस ट्रेन में छत्तीसगढ़ के श्रमिक बड़ी संख्या में दूसरे राज्य काम करने के लिए जाते हैं। मंगलवार व बुधवार को चलने वाली इस ट्रेन के एसी कोच को छोड़कर स्लीपर व जनरल में बैठने की जगह नहीं रहती। इसके बाद उसलापुर रेलवे स्टेशन में टीटीई रसीद काटकर स्लीपर पर बैठने की अनुमति दे देते हैं। इस अव्यवस्था को सुधारने के लिए रेल प्रशासन कभी भी ध्यान नहीं देती।

आज का पंचांग (शुक्रवार 14 जुलाई)

सूर्योदयः 05:45, सूर्यास्तः 07:19, चन्द्रोदयः 02:08, चन्द्रास्तः 15:45, अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः वर्षा, शक सम्वतः 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल), मास श्रावण, पक्ष कृष्ण, तिथि द्वादशी, नक्षत्र रोहिणी, योग शूल (08:53 से गण्ड), प्रथम करण बव (06:08 तक), द्वितीय करण बालव (18:24 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य-मिथुन, चंद्र-वृष, मंगल-सिंह (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध-कर्क (उदय, पश्चिम, मार्गी), गुरु-मेष(उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र-सिंह (उदित, पश्चिम), शनि-कुम्भ (उदित, पूर्व,वक्री), राहु-मेष, केतु-तुला।

॥ रात्रि का चौघड़िया ॥

1-अमृत, 2-चर, 3 - रोग----4 - काल, 5 - लाभ, 6 - उद्वेग, 7 - शुभ, 8 - अमृत।

नोट-दिन और रात्रि के चौघड़िया का आरंभ क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त से होता है। प्रत्येक चौघड़िए की अवधि डेढ़ घंटा होती है। शुभाशुभ मुहूर्त विचार

शुभ यात्रा दिशाः दक्षिण-पूर्व (दही का सेवन करें)

आज जन्मे शिशुओं का नामकरणः

आज-जन्मे शिशुओ का नाम रोहिणी नक्षत्र के प्रथम , द्वितीय तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (ओ, वा, वी, वू) नामक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

"राज" "नीति" का "दलबदल" "दलबल" "डंडा" दल"

आखिर राजनीति का यह "कीचड़" किस निम्नतर सीमा पर जाकर रूकेगा?

राजीव खंडेलवाल

समस्त राजनीतिक पार्टियों के करोड़ों सदस्यों के बीच मात्र उंगलियों में गिनने वाले लोग ही आपको मिल पाएंगे, जो "उक्त गुणों" के बिना राजनीति में अपने सब कर्मों कर्तव्यों के पालन करने के कारण सफल हो पाए है। या हो पाएंगे? लेकिन यहां भी दुर्भाग्यवश देश की राजनीति का हाल यही रहा है कि ऐसे उंगलियों पर गिरने वाले व्यक्तियों के नाम को जनता को तो छोड़िए राजनीति में सक्रिय लोगों को भी मालूम नहीं हो होंगे। हां शायद उनका नाम ढूंढने के लिए आपको गूगल सर्च करना पड़ सकता है। कहां जाता है, राजनीति में साम-दाम-दंड-भेद सब जायज होता है। तब फिर आप उपरोक्त पांच एम को इसका आवश्यक अनिवार्य भाग ही मान कर अपना लीजिये।

अभी तक राजनीति में किसी राजनेता को सफलता प्राप्त करने के लिए मैं अंग्रेजी के 'एम' अक्षर से शुरू होने वाले चार शब्दों अर्थात चार एम जरूरी मानता रहा हूं। ये चार एम हैः- ''मनी'' पावर, ''मसल'' पावर, ''माब'' पावर एवं ''मीडिया'' पावर ''विद परिक्रमा, विदाउट पराक्रम''। मेरे राजनीतिक जीवन के अनुभव के आधार पर मेरी उक्त धारणा/व्याख्या बनी है, जो वर्तमान की वास्तविक धरातल पर समस्त/विभिन्न पृष्ठभूमि के नेताओं पर आज भी उतनी ही लागू होती है। परंतु महाराष्ट्र में अभी जिस तेजी से राजनीतिक घटनाक्रम बदले हैं और चल रहे है, उक्त घटना ने व इसके पूर्व शिवसेना में हुई टूट की घटना से मुझे उक्त चार एम के साथ एक ओर 'एम' किसी भी राजनीतिक पार्टी को वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों के मुद्दे नजर लोकतंत्र की राजनीति में सत्ता की सफलता प्राप्त करने के लिए जोड़ना आवश्यक हो गया है, और वह एम है ''मशीनरी'' पावर! (सीबीआई, ईडी इत्यादि केंद्रीय एजेंसीज)

उक्त गुण जो अवगुण नहीं राजनीति में आने की इच्छा रखने वाले जिस व्यक्ति में होंगे, वही व्यक्ति के राजनीति में सफल होने की संभावना की सूची में आ पाएगे। अन्यथा उसे राजनीति में आने की अपनी इच्छाएं को उत्पन्न होते ही मार देनी चाहिए, बल्कि उत्पन्न होने ही नहीं देना चाहिए। हां राजनीति में अपवाद हर जगह होते हैं। समस्त राजनीतिक पार्टियों के करोड़ों सदस्यों के बीच मात्र उंगलियों में गिनने वाले लोग ही आपको मिल पाएंगे, जो ''उक्त गुणों'' के बिना राजनीति में अपने सब कर्मों कर्तव्यों के पालन करने के कारण सफल हो पाए है। या हो पाएंगे? लेकिन यहां भी दुर्भाग्यवश देश की राजनीति का हाल यही रहा है कि ऐसे उंगलियों पर गिरने वाले व्यक्तियों के नाम को जनता को तो छोड़िए राजनीति में सक्रिय लोगों को भी मालूम नहीं हो होंगे। हां शायद उनका नाम ढूंढने के लिए आपको गूगल सर्च करना पड़ सकता है।

> याद कीजिए भजनलाल जब पूरी सरकार को ही लोकतंत्र की चुनावी प्रक्रिया के तप से गुजरे बिना ही सत्ता के पारस पत्थर से तप की चमक उत्पन्न कर ''आयाराम-गयाराम'' की तत्समय चल रही प्रक्रिया कर नव गठित मुहावरे को बड़ी मजबूती प्रदान की। इसके बाद तो शर्म-हाय की झिझक खत्म ही हो गई। मूछों पर ताव देकर, जिनकी मूछे नहीं है वे भाव भंगिमाओं को आकृति देकर ताल ठोकर जम्मू-कश्मीर में पीडीपी के साथ सरकार बनाने से लेकर गोवा, कर्नाटक, मध्य-प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर आदि प्रदेशों में और हाल में ही मणिपुर में मात्र सीट प्राप्त होने के बावजूद जेल भिजवाने की चेतावनी देने वालों के साथ सरकार बनाने का अंतहीन सिलसिला चल पड़ा है। 1967 में संविद सरकार के दौर की तुलना में वर्तमान कांग्रेस मूकदर्शक या भुगतमान की स्थिति में ही है। अन्यथा अवसर मिलने पर वह दो कदम आगे जाने में नहीं चूकेगी।

कहां जाता है, राजनीति में साम-दाम-दंड-भेद सब जायज होता है। तब फिर आप उपरोक्त पांच एम को इसका आवश्यक अनिवार्य भाग ही मान कर अपना लीजिये। आपकी राजनीतिक जीवन की (बिना विचारधारा) के यही सफलता की कुंजी है। कुंजी इसलिए कि जिस प्रकार स्कूलों में बच्चे पढकर ज्यादा कुंजियों पर सफलता प्राप्ति करने के लिए ज्यादा विश्वास करते है। उसी प्रकार राजनीति में भी लिखित पाठ्य (संविधान) से ज्यादा अलिखित परिपाटी सफलता के रास्ते की कुंजी है।

याद कीजिए भजनलाल जब पूरी सरकार को ही लोकतंत्र की चुनावी प्रक्रिया के तप से गुजरे बिना ही सत्ता के पारस पत्थर से तप की चमक उत्पन्न कर ''आयाराम-गयाराम'' की तत्समय चल रही प्रक्रिया कर नव गठित मुहावरे को बड़ी मजबूती प्रदान की। इसके बाद तो शर्म-हाय की झिझक खत्म ही हो गई। मूछों पर ताव देकर, जिनकी मूछे नहीं है वे भाव भंगिमाओं को आकृति देकर ताल ठोकर जम्मू-कश्मीर में पीडीपी के साथ सरकार बनाने से लेकर गोवा, कर्नाटक, मध्य-प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर आदि प्रदेशों में और हाल में ही मणिपुर में मात्र सीट प्राप्त होने के बावजूद जेल भिजवाने की चेतावनी देने वालों के साथ सरकार बनाने का अंतहीन सिलसिला चल पड़ा है। 1967 में संविद सरकार के दौर की तुलना में वर्तमान कांग्रेस मूकदर्शक या भुगतमान की स्थिति में ही है। अन्यथा अवसर मिलने पर वह दो कदम आगे जाने में नहीं चूकेगी।

राजनीति की इस पनपती चलती नई गाथा को संविधान में शामिल कर उसे संवैधानिक कृत्य क्यों नहीं बनाया दिया जाता है? वैसे राजनैतिक दल या व्यक्ति इस कृत्यों का उचित ठहराते समय संविधान का ही सहारा लेते है। क्योंकि संविधान की उक्त कमी उन्हें यह सिम्बल (आधार) ही प्रदान करती है।

(लेखक वरिष्ठ कर सलाहकार एवं पूर्व सुधार न्यास अध्यक्ष है)

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

प्यार की पोथी लिखी न जाएगी

प्यार की पोथी लिखी न जाएगी, ये मोहब्बत हमसे हो न पाएगी, ढाई आखर ही तो है कैसे लिखूं, बात अपनी बात को दोहराएगी ! **कुलदीप मिश्रा**

कह रहा है फकीरा हमें दर्द देने वालों

कह रहा है फकीरा हमें दर्द देने वालों अब जरा मुस्कुरा के देखो होगे बहुत चाहे दुनिया में दगाबाजों के घर जाके देखो नकली हैं चेहरे खूब हँसने वालों के जरा चश्मे हटा के देखो सोने के चौखट वाले वो ऊंचे जंगलों के जरा पर्दे हटाके देखो खुश तो है बस केवल इस जहां में फकीरी का झोला उठाके देखो।

प्रीति श्रीवास्तव

खास पाती | रोपति धान किसान लली मुख

रोपति धान किसान लली मुख दंत दिखै मुस्कान लिये। बात करैं अपने सखि से तव हाथन पेडन धान लिये। लागि रहे तन कीचड से बरसातन मेघन मान लिये। हाथन मा पहिने कंगना पति के घर की तिय शान लिये।

अजय मिश्रा अभिज्ञ

अपनी अपनी बारिश कहते हैं

अपनी अपनी बारिश कहते हैं बारिश इश्क़ लाती है। रूमानी जिस्म आसमां से बरसते इश्क़ में थिरकते जैसे सदियों की प्यास बुझाने को बेकरार हो उठते हैं।रातों को नर्म बिस्तर पर बिछे यह जिस्म बारिश का उत्सव मनाते हैं लेकिन कुछ जिस्म इस इश्किया बारिश में रोटी को मोहताज हो जाते हैं।ऐसे लोग जो रोज कुआं खोदकर पानी पीते हैं उनके लिए यह बारिश रोटियां क्यों नहीं बरसा देती? **दिव्या राकेश शर्मा**

बरखा रानी के क्या कहने धरती

बरखा रानी के क्या कहने धरती पर उग आए गहने ताल-तलैया भरे-भरे हैं पेड़-पौधे सब...हरे-भरे हैं। सर्दी है ऋतुओं का राजा शादी,ब्याह,बाराती,बाजा रंग-बिरंगे स्वेटर, मोजे जी को भाते गरम समोसे। गरमी में निकले पसीना आफ्त वाला जेठ महीना पंखा, एसी काम न आए बारम्बार कंठ सूख जाए। जब आए वसंत की बारी सब करें होली की तैयारी प्रकृति खिली-खिली लगे मन में जोश, उल्लास जगे।। अपने देश के मौसम चार हम करते हैं उनसे प्यारयही विविधता ताकत है हर मौसम में भारत है ।।

मनीष सिंह वंदन

दोस्त कितना भी सच्चा हो

दोस्त कितना भी सच्चा हो और पर्सनल डायरी कितनी भी पर्सनल हो, सारे राज इनमें नही समा सकते ये राज दिल के किसी कोने में ही महफूज़ रहते हैं। जिसे दिल या तो धीरे धीरे भुला देता है या भूल जाने का अभिनय करता है लेकिन किसी के सामने उसका जिक्र नहीं करता। **वर्षा गुप्ता**

विश्लेषक ने पूछा, भाग्यशाली

विश्लेषक ने पूछा, भाग्यशाली कौन है? मैंने भी बिना सोचे, भाग्यशाली वो जिनके माँ बाप होते, विश्लेषक ने, और दुर्भाग्यशाली? मैंने भी सोच के बोला दुर्भाग्यशाली वो जिनके माँ बाप होकर भी नहीं! **मधुबाला मौर्या**

खतरे के निशान से ऊपर बह रहा

खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है उम्र का पानी वक़्त की बरसात है कि थमने का नाम नहीं ले रही आज दिल कर रहा था, बच्चों की तरह रूठ ही जाऊँ, पर फिर सोचा, उम्र का तकाज़ा है,मनायेगा कौन रखा करो नजदीकियां, ज़िन्दगी का कुछ भरोसा नहीं फिर मत कहना चले भी गए और बताया भी नहीं चाहे जिधर से गुज़रिये,मीठी सी हलचल मचा दीजिये उम्र का हरेक दौर मज़ेदार है, अपनी उम्र का मज़ा लिजिये। **सूर्यप्रकाश मिश्रा**

धर्म के नाम क्या-क्या होता

धर्म के नाम क्या-क्या होता है । सखि! सरेआम क्या-क्या होता है। आप चैनो-अमन की बात करें, लेकिन इल्ज़ाम क्या-क्या होता है। हर सहर दर्ज है सुनहरी-सी, बाकी हर शाम क्या-क्या होता है। उम्रभर का गुनाह एक ही हो, देख परिणाम क्या-क्या होता है। चिट्ठियाँ खोलिए रियाया की, सा'ब पैगाम क्या-क्या होता है। शेरियत से 'सुता' नहीं वाक़िफ़ और उपनाम क्या क्या होता है। **सृष्टि सिंह**

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। फिलिप II की मृत्यु के बाद उनके बेटे लुइस VIII फ्रांस के राजा 1223 में बने। बेलग्रेड के युद्ध में हंगरी ने 1456 में ऑटोमन को पराजित किया। फ्रांस एवं पुर्तागल ने 1536 में स्पेन के खिलाफ लियोंस के नौसैनिक समझौते पर हस्ताक्षर किए। मुगल बादशाह शाहजहां ने 1636 में औरंगजेब को दक्कन का वायसराय नियुक्त किया। फ्रांसिसी क्रांति की शुरुआत 1789 में हुई। अमेरिकी कांग्रेस ने 1798 में 'राजद्रोह एक्ट' को मंजूरी दी। इसके बाद सरकार के खिलाफ गलत या भ्रम फैलाने वाली बात लिखना, छापना या बोलना अपराध बन गया। कृत्रिम तौर पर (मशीन द्वारा) जमाई गई बर्फ का पहला सार्वजनिक प्रदर्शन 1850 में हुआ। न्यूजीलैंड में पहले आम चुनाव 1853 में हुए। कॉट लिंग नामक अमरीकी व्यक्ति ने 1861 में मशीनगन बनाई। अमेरिका के मोन्टाना प्रांत की राजधानी हेलेना में 1864 को सोने की खोज। यूरोपीय गुट ने 1900 को चीन में बॉक्सर विद्रोहियों के कब्जे से तिएन्तसिन को वापस लिया।

QUIZ TIME

1) मौलिक अधिकारों को कौन निलम्बित कर सकता है?

2) छठी सदी ई.पू. में विश्व की प्रथम गणतन्त्रात्मक व्यवस्था कहाँ स्थापित थी?

3) बैंक वाशप्रभाव शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया था?

4) भारत की पहली स्ट्रीट सर्किट कार रेसिंग कहाँ आयोजित की गई थी?

5) पूर्व शाही परिवार के सदस्य यदुवीर कृष्णराजा चामराजा वाडियार को कौन-सा पुरस्कार दिया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) राष्ट्रपति (2) बेबीलोन (3) ग्रेगरी पिकेन्स (4) बैंकाक (5) अन्तर्राष्ट्रीय कराटे का पुरस्कार

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष-आज आप पूर्व में की गलतियों की समीक्षा करेंगे भविष्य को लेकर थोड़ी चिंता भी रहेगी।

वृष - आज का दिन बीते समय की तुलना में बेहतर बीतेगा। दिन के आरंभ में अधिकांश कार्य हानि होने के डर से करने से कतराएंगे।

मिथुन- आज के दिन से आप काफी उम्मीद लगाए रहेंगे लेकिन दिन निराश करने वाल रहेगा।

कर्क -आज के दिन भागदौड़ भरी जिंदगी में शांति की तलाश में रहेंगे मन में आज कुछ ना कुछ उठापटक लगी रहेगी।

सिंह -आज का दिन सभी कार्य मे सफलता दिलाएगा। पूर्व में किये गए परिश्रम का फल आज अवश्य ही धन लाभ के रूप में मिलेगा।

कन्या-आज दिन के पूर्वार्ध की संतोषी प्रवृति मध्यान तक बेचैनी में बदल जाएगी। धन को लेकर आज कोई जोखिम नही लेंगे।

तुला-आज दिन के पहले भाग को छोड़ शेष समय मानसिक समस्या का सामना करना पड़ेगा।

वृश्चिक - आज के दिन पूर्वार्ध में पहले मिली सफलता के कारण निश्चिन्त रहेंगे कार्यो में लापरवाही करेंगे।

धनु-आज दिन के आरंभिक भाग को छोड़ शेष सामान्य रहेगा। प्रातः काल सेहत में नरमी रहेगी लेकिन पहले की अपेक्षा सुधार भी आएगा।

मकर-आज के दिन बुद्धि विवेक में विकास होगा लेकिन इससे मनिच्छित सफलता नही मिल सकेगी दिन के पहले भाग में घर मे पुरानी बात के कारण मतभेद रहेंगे।

कुंभ-आज दिन के आरंभ में किसी गुप्त कारण से चिंतित रहेंगे, परिजन की गलती के कारण घर मे कलह होने की आशंका से मन व्याकुल रहेगा।

मीन-आज दिन का आरंभ शांति से व्यतीत होगा लेकिन इसके बाद व्यर्थ के प्रपंचो में पड़कर मानसिक शांति खो देंगे।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -124

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

ऊपर से नीचे

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 123 का हल

पी	चि	दं	ब	र	म			स
ट		भ	ला	ई		अ	स	म
ना	म			स	मा	धि		झ
	ज		बे		न	का	र	ना
बा	बू		आ	य	क	र		
	र	की	ब				प्र	था
ज			रू	प	क		ज	न
हा		पा		ना	म	ची	न	
ज	हां	प	ना	ह		ता	न	ना

न्यूज गैलरी

मानसून पूर्व 70 करोड़ रुपये से मरम्मत कराई गई सड़कों पर फिरा पानी, उखड़ा पेंचवर्क

भोपाल/नवप्रदेश। राजधानी में हर वर्ष मानसून से पूर्व शहर की सड़कों का निर्माण व मरम्मत का कार्य किया जाता है। लेकिन जल्दबाजी में काम करने की वजह से इन सड़कों की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जाता। वहीं ड्रेनेज सिस्टम नहीं होने से सड़कों में भरा पानी इसकी नींव को कमजोर कर देता है, जिससे दो-चार दिन की वर्षा भी सड़कों में किए गए पेंचवर्क की बखिया उधेड़ देती है। इस बार भी मानसून से पहले नगर निगम व पीडब्लयूडी समेत अन्य विभागों ने उखड़ी सड़कों की मरम्मत पर 70 करोड़ रुपये से अधिक राशि खर्च की, लेकिन एक सप्ताह की वर्षा ने इस पर पानी फेर दिया। बता दें कि शहर में नगर निगम, पीडब्ल्यूडी, बीडीए, हाउसिंग बोर्ड, भेल और पुलिस हाउसिंग सोसायटी समेत अन्य एजेंसियों की करीब 4400 किलोमीटर सडकें हैं। मानसून पूर्व इनकी मरम्मत पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं। लेकिन पहली बरसात ने ही इन सड़कों की हालत खराब कर दी है। नर्मदापुरम रोड पर मिसरोद से आइएसबीटी तक की सड़क का एक महीने पहले ही पेंचवर्क किया गया था। लेकिन तेज बरसात की वजह से छह किलोमीटर सड़क पर सैकड़ों गड्ढे हो गए हैं। वहीं अल्पना टाकीज चौराहे से बैरसिया रोड तक की सड़क की मरम्मत भी बरसात से पहले की गई थी। अब इसमें बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। कुछ यही हाल भेल, कोलार व पुराने भोपाल समेत शहर के अन्य हिस्से की सड़कों का भी है। लेकिन अब तक अधिकारियों ने मरम्मत नहीं कराई।

दो महीने में ही उखड़ने लगा पेंचवर्क

मानसून आने से पहले नगर निगम द्वारा दो दर्जन से अधिक सड़कों की मरम्मत कराई गई थी। लेकिन गुणवत्ता कमजोर होने की वजह से सड़क पहली बरसात भी नहीं झेल पाई। एक महीने में ही इसका पेंचवर्क उखड़ने लगा। भारत टाकीज चौराहा, 1100 क्वार्टर, सैफिया कालेज रोड, अयोध्या बायपास सड़क, अवधपुरी, गौतम नगर, कस्तूरबा नगर, साकेत नगर, बैरागढ़, राजीव नगर, सिंधी कालोनी चौराहा, सात नंबर स्टाप, हबीबगंज रेलवे स्टेशन, अल्पना टाकीज चौराहा, छोला और वीआइपी रोड की मरम्मत बरसात शुरु होने से पहले कराइ गई थी। लेकिन अब इन सभी सड़कों में गड्ढे हो गए हैं।

राजधानी की सड़कों पर 60 करोड़ से अधिक खर्च

जानकारी के अनुसार नगर निगम हर वर्ष सड़कों की मरम्मत और पेंचवर्क समेत अन्य कार्यो में 30 करोड़ रुपये की राशि खर्च करता है। वहीं पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा भी प्रतिवर्ष करीब 25 करोड़ रुपये खर्च किए जाते हैं। बीडीए और हाउसिंग बोर्ड समेत अन्य एजेंसियों द्वारा भी उनकी सड़कों की मरम्मत पर 10 से 12 करोड़ रुपये खर्च किए जाते हैं।

इनका कहना

नगर निगम में इंजीनियर की नियुक्ति डिग्री के आधार पर की जाती है। लेकिन उसके पास पर्याप्त अनुभव नहीं होता है। नगर निगम द्वारा इन्हें सड़क से संबंधित विशेष प्रशिक्षण भी नहीं दिया जाता है। ऐसे में सड़क बनाने के लिए इंजीनियर की निर्भरता ठेकेदार पर होती है। इंजीनियर के अनुभव की कमी का फायदा उठाते हुए ठेकेदार अपने हिसाब से सड़कों का निर्माण कराते हैं।

- सुयष कुलश्रेष्ठ, आर्किटेक्ट एवं टाउन प्लानर

भाजपा प्रदेश में चार जोन में निकालेगी विजय संकल्प यात्राएं, नरेंद्र सिंह तोमर को मिली बड़ी जिम्मे

भोपाल/नवप्रदेश। केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव को प्रदेश का चुनाव अभियान का प्रभारी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को चुनाव अभियान का सह प्रभारी बनाए जाने के बाद केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को चुनाव अभियान समिति की बड़ी जिम्मेदारी देने की तैयारी है। तोमर को चुनाव अभियान समिति की कमान सौंपने का निर्णय मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा भोपाल में भाजपा नेताओं के साथ की गई बैठक में ही हो गया था। इसी कारण मंगलवार को केंद्रीय मंत्री तोमर भोपाल में रुककर दिन में भाजपा के आधा दर्जन बड़े नेताओं के साथ बैठक की है। शाम को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी भोपाल पहुंचे और पार्टी की बैठक में शामिल हुए। प्रदेश भाजपा कार्यालय में बुधवार देर शाम हुई बैठक में चार जोन बनाकर विजय संकल्प यात्राएं निकालने के प्रारूप और चुनावी समितियों के नामों को लेकर चर्चा की गई। हालांकि 15 से 17 जुलाई को होने वाली बैठक में सभी निर्णय को अंतिम रूप दिया जाएगा। इस बैठक में शामिल होने प्रदेश के चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव और सह प्रभारी अश्विनी वैष्णव भोपाल आएंगे।

सिंधिया और विजयवर्गीय को बड़ी जिम्मेदारी

मंगलवार को अमित शाह द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन की कार्य योजना बनाने को लेकर बैठक में पार्टी के महासचिव कैलाश विजयवर्गीय और केंद्रीय मंत्री सिंधिया को चुनाव अभियान में अहम रोल देने का निर्णय भी लिया गया है। साथ ही बैठक में सिंधिया को प्रदेश में ज्यादा सक्रिय होने को कहा गया है। भाजपा के सूत्रों के अनुसार बुधवार को कोर ग्रुप की बैठक में चुनाव प्रबंधन समिति, चुनाव अभियान समिति और चुनाव प्रचार समिति के नामों को लेकर चर्चा की गई है। अब इसे भूपेंद्र यादव, अश्विनी वैष्णव, सीएम शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और संगठन महामंत्री हितानंद बैठक कर अंतिम रूप देंगे। जानकारी के अनुसार विजय संकल्प यात्रा को लेकर दो प्रारूप पर चर्चा की जा रही है। इसमें एक प्रारूप में एक साथ अलग-अलग क्षेत्र में प्रभाव रखने वाले विजय संकल्प यात्रा निकालेंगे। वहीं, सीएम यात्रा के बड़े शहरों के कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं, दूसरे प्रारूप में एक क्षेत्र से यात्रा प्रारंभ होगी। जो दूसरे क्षेत्र में प्रवेश करेगी। क्षेत्र के अनुसार नेताओं को यात्रा की जिम्मेदारी सौंप दी जाएगी। इसमें भी सीएम और प्रदेश अध्यक्ष बड़े शहरों के कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सूत्रों के अनुसार दूसरा प्रारूप पर करीब करीब सहमति बन गई है।

बच्चों को जहर देकर पति-पत्नी ने किया सुसाइड: ऑनलाइन जॉब से कर्ज में डूबा था परिवार

कंपनी ने लैपटॉप हैक कर अश्लील वीडियो वायरल किए

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल में ऑनलाइन ऐप के जाल में फंसे एक दंपती ने अपने दो बेटों को जहर देकर मार डाला, फिर सुसाइड कर लिया। गुरुवार को दंपती के शव घर में फांसी के फंदे पर लटके मिले। दोनों बेटों को जहर देने की आशंका है। पुलिस को मौके से सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें कर्ज का जिक्र है।

रातीबड़ की शिव विहार कॉलोनी में रहने वाले भूपेंद्र विश्वकर्मा (38) कोलंबिया बेस्ड एक कंपनी में ऑनलाइन जॉब करते थे। भूपेंद्र पर काम का प्रेशर और लोन था। कंपनी ने उनका लैपटॉप हैक कर उसमें मिले कॉन्टेक्ट पर एडिटेड अश्लील वीडियो वायरल कर दिए थे। इससे परेशान भूपेंद्र ने अपनी पत्नी रितु (35) के साथ सुसाइड कर लिया। इससे पहले दो बेटों ऋतुराज (3) और ऋषिराज (9) को जहर दिया। इस मामले में जांच

के लिए एसआईटी बनाई गई है। 5 सदस्यीय एसआईटी में एडीशनल डीसीपी जोन - 1, एसीपी टीटी नगर , टीआई रातीबड़ , टीआई टीटीनगर और सायबर क्राइम टीम के दो पुलिस अफसरों को शामिल किया गया है। भूपेंद्र के बड़े भाई नरेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि उसने दोनों बच्चों और पत्नी के साथ देर रात सेल्फी कैप्चर की थी। कोल्ड ड्रिंक (माजा) में सल्फास मिलाकर दोनों बच्चों को पिला दिया। इसके बाद भूपेंद्र और उसकी पत्नी रितु, बच्चों के पास ही बैठे रहे। जब उन्हें दोनों बच्चों की मौत होने की पुष्टि हो गई, तो भूपेंद्र ने दो दुपट्टे को आपस में बांधकर फंदा बनाया और एक साथ फांसी लगाकर जान दे दी। नरेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि भूपेंद्र के घर से सल्फास के छह पैकेट मिले हैं।

भूपेंद्र विश्वकर्मा ने गुरुवार तड़के 4 बजे अपनी भतीजी रिंकी विश्वकर्मा को वॉट्सऐप पर सुसाइड नोट भेजा था। साथ ही पत्नी और दोनों बच्चों के साथ सेल्फी खींचकर भी भेजी। इस फोटो का कैप्शन लिखा- यह मेरी आखिरी फोटो है। आज के बाद हम कभी नहीं दिखेंगे। इन फोटो और सुसाइड नोट को रिंकी ने सुबह 6 बजे देखा और परिजनों को सूचना दी। रिंकी, मंडीदीप स्थित एक धागा फैक्टरी में काम करती हैं।

पंकज विश्वकर्मा ने बताया, भूपेंद्र बड़े पिता के बेटे थे। उनके साथ साइबर क्राइम हुआ है। उनका मोबाइल और कंपनी से मिला लैपटॉप हैक कर लिया गया। मोबाइल में उनके जितने भी कॉन्टैक्ट नंबर थे, उन पर उनके एडिटेड अश्लील वीडियो और फोटो वायरल कर दिए गए थे। धमकी देकर पैसों की डिमांड कर रहे थे। भैया ने 4 से 5 दिन पहले वॉट्सऐप स्टेटस भी डाला था कि मेरे द्वारा ये मैसेज नहीं किया जा रहा है। आप इसे इग्नोर करें। दो तीन दिन पहले हमारी बात हुई। वे परेशान हो चुके थे। उनसे 17 लाख की डिमांड की गई। कहते थे कि इतने पैसे कहां से दूंगा। भैया ने बताया था कि उन्होंने तीनों बैंक अकाउंट खाली कर दिए। पूरा पैसा निकाल लिया। 7-8 जुलाई को साइबर सेल में शिकायत करने गए थे। साइबर सेल की ओर से उनका सिम और मोबाइल भी शायद एक्सचेंज करा दिया गया था।

भोपाल के मेंडोरी में घुसा 8 फीट लंबा मगरमच्छ, गांव में मचा हड़कंप

केरवा डैम के नाले से तालाब में पहुंचा; 8 फीट लंबे मगर को देख लोग डरे

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल से जुड़े मेंडोरी गांव में करीब 8 फीट लंबे मगरमच्छ के घुसने से हड़कंप मच गया। मगरमच्छ केरवा डैम के नाले से होता हुआ गांव के पुराने तालाब में पहुंच गया। इससे लोग डर गए। वन विभाग रेस्क्यू कर उसे वापस डैम में छोड़ेगा। सबसे पहले बुधवार को मगरमच्छ देखा गया था। वह पानी से बाहर निकलकर टापू नुमा जगह पर आकर बैठ गया था। गांववाले जब उसके नजदीक गए तो वह पानी में चला गया। गुरुवार सुबह फिर से मगरमच्छ पानी से बाहर निकल

आया और काफी देर तक बैठा रहा। इस पर वन विभाग को सूचना दी गई।

भीड़ देख फिर पानी में चला जाता है मगरमच्छ

तालाब काफी बड़ा है। इसके आसपास कई घर भी है। इसलिए लोग डरे हुए हैं कि कहीं मगरमच्छ रहवासी क्षेत्र में न पहुंच जाए। दूसरी तरफ मौके पर गांववालों की खासी भीड़ है। जिससे वन विभाग को रेस्क्यू करने में परेशानी आ रही है, क्योंकि लोगों को देखकर मगरमच्छ पानी में चला जाता है। इससे वन विभाग की टीम रेस्क्यू नहीं कर पा रही है।

रुककर इंतजार करेगी टीम

वन विभाग के एसडीओ आरएस भदौरिया ने बताया कि रेस्क्यू टीम मौके पर भेजी गई है। मगरमच्छ या तो वापस नाले के सहारे केरवा डैम में पहुंचाया जाएगा, या फिर किनारे पर जाल बिछाकर उसे पकड़ेंगे और फिर डैम में छोड़ेंगे। पिछले कुछ दिन से तेज बारिश होने से भोपाल के बड़ा तालाब, कलियासोत-केरवा डैम में पानी आमद हो रही है। कलियासोत और केरवा डैम में मगरमच्छ-घड़ियाल की मौजूदगी है। पिछले दिनों इनकी गिनती भी हुई थी। दो दिन तक चली गिनती में कुल 24 मगरमच्छ दिखाई दिए

योग, ध्यान कर सात्विक जीवनशैली अपना रहे युवा, जीवन में पा रहे सकारात्मक परिणाम

भोपाल/नवप्रदेश। वर्तमान भागदौड़ और तनाव भरा है, जिसमें छात्र या प्रोफेशनल ही नहीं, बल्कि समाज का हर तबका प्रेशर में अपनी जिंदगी जी रहा है। ऐसे में विज्ञान ने इस तनाव से निकलने और जीवन की गुणवत्ता को बेहतर करने धर्म और आध्यात्म महत्वपूर्ण माना है। आज युवा एक बार फिर धर्म-आध्यात्म के मार्ग पर चलकर नए आयाम तलाश रहे हैं, और उनकी इस तलाश को पूरा कर रहा है मप्र संस्कृति विभाग का आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, जो युवाओं के मध्य एकात्मबोध के जागरण हेतु देशभर में अद्वैत जागरण युवा शिविर आयोजित कर रहा है। इसमें देशभर के युवा शामिल होकर योग, ध्यान, तीर्थाटन, भजन और कीर्तन कर सात्विक जीवनशैली अपना रहे हैं, जिससे उन्हें अपने जीवन और करियर में सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। अद्वैत युवा जागरण शिविर की शुरुआत करीब चार वर्ष पहले हुई थी। अभी तक देश के अलग-अलग हिस्सों में ये शिविर आयोजित हो चुके हैं। ऋषिकेश के आर्ष विद्या गुरुकुलम में 10 दिवसीय आवासीय शिविर में कुल 50 प्रतिभागी सम्मिलित हुए, जिन्हें आनलाइन पंजीयन के माध्यम से चयनित किया गया है। शिविर के बाद ये युवा अद्वैत यूथ क्लब के सदस्य बन जाते हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव हेतु वेदांत के प्रचार प्रसार के लिए कार्य करते हैं। प्रतिभागी सहदेव सिंह बघेल ने बताया कि मैं भौतिकतावाद से दूर रहना पसंद

पटवारी परीक्षा में कोई गड़बड़ी नहीं, मध्य प्रदेश को बदनाम करने का षड्यंत्र-डा.नरोत्तम मिश्रा

भोपाल/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश में पटवारी चयन परीक्षा में कोई गड़बड़ी नहीं हुई। कांग्रेस और उसके नेता प्रदेश को बदनाम करने का षड्यंत्र कर रहे हैं। पार्टी के ही अशोकनगर का प्रवक्ता, जो परीक्षा में फेल हो गया, उसके तथ्यहीन आधारों को तर्क बनाकर प्रस्तुत कर रहे हैं। पर्चियों पर नौकरी देने वाले उस विश्व की आधुनिकतम चयन परीक्षा प्रणाली पर प्रश्न उठा रहे हैं और श्रंखलाबद्ध झूठ बोल रहे हैं।

यह बात राज्य सरकार के प्रवक्ता गृह मंत्री डा.नरोत्तम मिश्रा ने कांग्रेस नेताओं द्वारा लगाए जा रहे आरोपों पर पलटवार करते हुए मीडिया से चर्चा में कही।

उन्होंने कहा कि जिस एजेंसी के माध्यम से पटवारी चयन परीक्षा कराई गई, वह आइआइटी, नीट सहित अन्य प्रतिष्ठित परीक्षाएं कराती है। कांग्रेस कमल नाथ, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, अरुण यादव सहित अन्य कांग्रेस के नेता नौजवानों के मनोबल को तोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पटवारी चयन

परीक्षा में प्रावीण्य सूची में स्थान पाए जिन सात अभ्यर्थियों को लेकर प्रश्न उठाए जा रहे हैं, उन्होंने अलग-अलग पाली में परीक्षा दी है। प्रत्येक उत्तर की रिकार्डिंग होती है। कमल नाथ जी, जुबानी जमा खर्च मत कीजिए। लिखित में मांगिए, सभी प्रश्नों का उत्तर दिया जाएगा। उन्होंने हिंदी में हस्ताक्षर किए जाने पर उठाए प्रश्न को लेकर कहा कि यह शर्मनाक है।

उन्होंने कहा कि जिस प्रदेश में मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई हिंदी में होती हो, वहां हस्ताक्षर हिंदी में नहीं तो क्या इटालियन में अभ्यर्थी करेंगे। हिंदी में हस्ताक्षर करने वालों में से एक भी परीक्षार्थी के 25 में से 25 नंबर नहीं आए। आरोप लगाने से पहले परीक्षार्थियों की अंकसूची देख लेते तो यह झूठ नहीं बोलना पड़ता।

उन्होंने कहा कि कमल नाथ सरकार डेढ़ साल रही पर एक भी नौजवान को नौकरी दी हो तो बताएं। उन्होंने तो रोलगार के नाम पर ढोर चराने और बैंड बजाने को लिखित में कहा था। जिस सेंटर को लेकर आरोप लगाए जा रहे हैं, वहां के 114 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए। ऐसे 31 सेंटर और हैं, जिसमें इससे अधिक लोग उत्तीर्ण हुए। पता नहीं कांग्रेस के नेताओं को ग्वालियर से क्या दुश्मनी है।

उन्होंने कहा कि ग्वालियर में पांच, भोपाल में 42 प्रतिशत अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। 15 माह की कांग्रेस सरकार में भी ग्वालियर के प्रति दुराग्रह सबने देखा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक लाख नौकरियां दे दी हैं। कांग्रेसियों की प्रसव वेदना यही है कि वे एक भी नौकरी नहीं दे पाए। कमल नाथ सरकार में एक भी बेरोजगार को न तो रोजगार मिला और न ही बेरोजगारी भत्ता।

भोपाल/नवप्रदेश। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का ग्वालियर के वायु सेना विमानतल पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

यूजीसी ने इंडियन नालेज सिस्टम कोर्स किया शुरू, 31 जुलाई से लगेंगी आनलाइन कक्षाएं

भोपाल/नवप्रदेश। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने सभी छात्रों के लिए इंडियन नालेज सिस्टम (आइकेएस) कोर्स शुरू किया है। छात्र 31 जुलाई से इसकी आनलाइन क्लास कर सकेंगे। यह जानकारी यूजीसी के चेयरमैन एम जगदीश कुमार ने ट्वीट करके दी है। उन्होंने बताया है कि कुछ दिन पहले यूजीसी ने इस कोर्स के लिए गाइडलाइंस जारी की थी। यूजीसी द्वारा तैयार गाइडलाइंस के अनुसार, आइकेएस कोर्स में भारतीय तर्कशास्त्र, भारतीय भाषा विज्ञान, इंडियन आर्किटेक्चर, भारतीय धातुकर्म, भारतीय राजनीति और अर्थव्यवस्था जैसे विषय शामिल होंगे। गाइडलाइंस में कहा गया है कि सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को इस कोर्स से जोड़ा जाएगा। यूजीसी की तरफ से जारी गाइडलाइंस के अनुसार इस कोर्स में यूनिट मेजरमेंट, नंबर सिस्टम, अर्थमेटिक, एस्ट्रोनामी, नालेज फ्रेमवर्क, साइकोलाजी और टाउन प्लानिंग जैसे टॉपिक्स पढ़ाए जाएंगे। इसके अलावा आर्किटेक्चर प्रोग्राम की भी पढ़ाई कर सकते हैं। इंडियन नालेज सिस्टम पर आनलाइन कोर्स तीन भागों में बांटे गए हैं। इसे इंजीनियरिंग, साइंस एंड टेक्नोलाजी, मानविकी और सामाजिक विज्ञान सेक्शन में बांटा गया है।

इस कोर्स को आनलाइन करने के इच्छुक छात्र स्वयं के आफिशियल पोर्टल

https//swayam.gov.in पर जाकर एडमिशन ले सकते हैं।

वीडियो व्याख्यान की मिलेगी सुविधा

आनलाइन कोर्स में छात्रों को वीडियो लेक्चर, रीडिंग मटेरियल्स, सेल्फ असेसमेंट एग्जाम, आनलाइन डिस्कशन और डाउट क्लियरिंग फोरम की सुविधाएं मिलेंगी। छात्र इंडियन नालेज सिस्टम में फंडामेंटल प्रोग्राम कर सकते हैं।

अमरकंटक एक्सप्रेस 14 जुलाई को निरस्त

4 सप्ताह से ट्रेन लगातार चल रही थी 5-20 घंटे तक लेट, अब सुधर जाएगी व्यवस्था

भोपाल/नवप्रदेश। अमकरकंटक एक्सप्रेस 14 जुलाई को भोपाल से दुर्ग नहीं जाएगी। भोपाल या अन्य स्टेशनों चढ़ने वाले यात्रियों को रेलवे नियमानुसार रिफंड करेगा। बता दें कि यह ट्रेन पिछले करीब 24 दिनों से लगातार भोपाल से देरी से चल रही थी। ट्रेन निरस्त होने के बाद 15 जुलाई से अपने सही समय पर भोपाल स्टेशन से प्रस्थान करेगी। भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता सूबेदार सिंह ने बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में मेंटेनेस कार्य

किये जाने के चलते 13 जुलाई को दुर्ग से भोपाल के लिए चलने वाली गाड़ी संख्या 12853 दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस प्रारंभिक स्टेशन दुर्ग से निरस्त की गई है। जिसके परिणामस्वरूप रैक के अभाव में 14 जुलाई को गाड़ी संख्या 12854 भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस भी अपने प्रारंभिक स्टेशन भोपाल से निरस्त रहेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस /139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता कर सकते हैं।

रोजाना 700 से अधिक यात्री सवार होते हैं

अमरकंटक एक्सप्रेस में भोपाल और रानी कमलापति स्टेशन से रोजाना करीब 700 से अधिक यात्री सवार होते हैं। इसमें मुख्यतः नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, जबलपुर और दुर्ग के यात्री जाते हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों को एसएमएस द्वारा ट्रेन के निरस्त होने की सूचना दी जा रही है।

शिवराज सरकार, पटवारी भर्ती परीक्षा में हुई गड़बड़ी की सीबीआई से जांच कराएं : विभा पटेल

भोपाल/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती विभा पटेल ने कहा कि मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा पटवारी भर्ती परीक्षा में हुई गड़बड़ियों के लिए दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के बदले भ्रम फैला रहे हैं। उनमें हिम्मत है तो पटवारी भर्ती परीक्षा घोटाले की सीबीआई जांच कराएं। परीक्षा में मुख्य गड़बड़ी भाजपा विधायक संजीव सिंह कुशवाहा के कॉलेज में बनाए गए सेंटर में हुई है, नरोत्तम मिश्रा कांग्रेस पर दोषारोपण कर रहे हैं। पटवारी भर्ती परीक्षा में घोटाले के नाम पर पात्र युवाओं से उनका अधिकार छीना गया है, इसके लिए प्रदेश के नौजवान शिवराज सरकार को माफ नहीं करेंगे।

श्रीमती विभा पटेल ने गृहमंत्री को स्मरण कराया है कि भाजपा सरकार के शासनकाल में व्यापमं. 1 और 2 हुआ। इसी सरकार के राज में पीएमटी परीक्षाओं में गड़बड़ी हुई तो डीमेट की आड़ में धनबल के उपयोग से मेडिकल कॉलेजों में सीटें कबाड़ी गई और खुले बाजार में बेची गईं। नापतोल परीक्षा, पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा, नर्स भर्ती परीक्षा, सहायक विकास विस्तार अधिकारी (कृषि) समेत डाटा एंट्री ऑपरेटर आदि जैसी कई अन्य भर्ती परीक्षाओं में सुनियोजित तरीके से गड़बड़ी की गई। भाजपा सरकार के कार्यकाल में स्कूल-कॉलेज परीक्षाओं के पर्चे सर्वाधिक रूप में लीक हुए है। ये भी किसी से छुपा नहीं है। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाने से पहले तथ्यों का परीक्षण कर लें, सत्यता का पता लगाएं, अनाप-शनाप न बोले।

श्रीमती विभा पटेल ने कहा कि कांग्रेस सरकारों ने कभी भी युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ नहीं किया। न ही मासूमों के गले से रोटी का निवाला छीना है। ये चरित्र भाजपा का है। सीएजी की रिपोर्ट इसकी पुष्टि करती है कि मध्य प्रदेश में 110 करोड़ रुपए का पोषण आहार घोटाला हुआ है। श्रीमती विभा पटेल ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान सरकार के कार्यकाल में हुए घोटालों से अब प्रदेश की जनता तंग आ चुकी है और इस सरकार से जल्द निजात चाहती है। प्रदेश की जनता ने तय कर लिया है कि अब वह आदरणीय कमलनाथ जी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनवाएगी। कांग्रेस की सरकार बनने पर सभी घोटालेबाजों को जेल भेजा जाएगा।

शिवराज सरकार के राज में व्यापम की भर्ती परीक्षा में निरन्तर घोटाले हो रहे- विवेक त्रिपाठी

पटवारी भर्ती में हुई घोटाले को लेकर मप्र युवा कांग्रेस मीडिया विभाग ने पत्रकारवार्ता को संबोधित किया

मप्र युवा कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष विवेक त्रिपाठी और गौरव त्रिपाठी की संयुक्त पत्रकारवार्ता

आखिर भाजपा नेताओं को मप्र में बेरोज़गारी , घोटाले , महंगाई और भ्रष्टाचार क्यों नहीं दिखाई देते - विवेक

मध्यप्रदेश के शिक्षित युवाओं का भविष्य बर्बाद करने पर तुली हैं भाजपा सरकार - गौरव त्रिपाठी

लाखों शिक्षित बेरोज़गार युवा सड़कों पर उतर कर नाराजगी जता रहे हैं, लेकिन सरकार जिम्मेदारियों से पलड़ा झाड़ रही - त्रिपाठी

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष विवेक त्रिपाठी और युवा कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता गौरव त्रिपाठी ने संयुक्त पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश में हाल ही में कर्मचारी चयन बोर्ड (व्यापम) द्वारा आयोजित पटवारी भर्ती परीक्षा में हुई घोटाले को लेकर भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री मंत्री और नेताओं पर परीक्षा में घोटाले के आरोप लगाए और कहा कि पूर्व में ब्लैकलिस्टेड हो चुकी कम्पनियों के संचालक नये नाम से कम्पनी बनाकर अधिकारियों से सांठगांठ कर ठैका प्राप्त कर लेते हैंविवेक त्रिपाठी ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में पटवारी भर्ती परीक्षा शुरुआत से विवादों में रही है जब ये परीक्षा चल रही थी तब एक एग्जाम सॉल्वर गैंग पकड़ी गई थी उसके बाद भी परीक्षा चयन बोर्ड द्वारा परीक्षा का संचालन जारी रखा गया 7 जुलाई और 11 जुलाई 2023 को हमारे साथी गौरव त्रिपाठी ने लिखित शिकायत दर्ज कराई थी परन्तु विभाग के प्रमुख सचिव मलय श्रीवास्तव का कहना हैं कि हमारे संज्ञान में कोई शिकायत नहीं आई है परीक्षा नियंत्रक डा. हेमलता का कहना हैं कि शिकायत आई थी जांच करवा ली गई है लेकिन कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा उसके बावजूद भी परीक्षा का आयोजन जारी रखा जिससे स्पष्ट होता हैं कि इसमें भाजपा के कई मंत्री विधायक और भाजपा नेता के साथ साथ कर्मचारी चयन बोर्ड के अधिकारी और कर्मचारी संलिप्त हैं पटवारी भर्ती को लेकर गृहमंत्री का कहना हैं कि बेबुनियाद आरोप हैं विवेक त्रिपाठी ने कहा कि पहले हुए व्यापम घोटाले के समय भी आपका यही बयान था त्रिपाठी ने निम्न बिंदुओं पर पत्रकारवार्ता को संबोधित किया

1. पटवारी रिजल्ट के साथ टॉप 10 लिस्ट व मेरिट लिस्ट जारी नहीं कि गयी। 8 दिन बाद ये सारी लिस्ट जारी की गई। उसमे स्पष्ट घोटाला दिखाई दे रहा है। टॉप 10 में से 07 स्टूडेंट्स ग्वालियर के एनआरआई कॉलेज से हैं जिनके अलावा लगभग 1000 स्टूडेंट भी एनआरआई कॉलेज से हैं। एवं अधिकतम लोगों ने हिंदी में सिग्नेचर किये हैं जो कि मामले को अधिक संदिग्ध बनाता है

2. ईएसबी की भर्ती परीक्षाओं में नियम है कि अभ्यर्थी फॉर्म भरते समय 03 महीने के अंतर्गत का upadated फोटो लगा सकता है लेकिन पटवारी भर्ती में कई अभ्यर्थियों ने 03 वर्ष पुराना फोटो लगाया है। उसका फॉर्म क्यों रिजेक्ट नहीं किया गया।

3. फर्जी विकलांग सर्टिफिकेट के आधार पर अनेक अभ्यर्थी चयनित हुए हैं। जो कि एक विशेष क्षेत्र के हैं। इसी प्रकार हाल ही में हुई शिक्षक भर्ती में भी एक ही विशेष क्षेत्र के लोगों ने फर्जी विकलांग सर्टिफिकेट बनवा कर पद प्राप्त कर लिया था जिसमें हाल ही में जांच हुई और 77 लोग फर्जी पाए गए।

4. पटवारी घोटाले में एक और बात सामने आई कि उन्होंने संविदा कर्मी की पोस्ट पर फर्जी संविदा कर्मी चयनित कर लिए है जिनकी उम्र आज 19 वर्ष है उन्होंने 5 वर्ष के संविदा कर्मी के तौर पर लिए हुए अनुभव का प्रमाण पत्र लगाया और नौकरी प्राप्त कर ली। प्रश्न यह उठता है कि क्या वे 14 वर्ष की आयु में किसी शासकीय संस्था में संविदा कर्मी के तौर पर चयनित कर लिए गए थे । यदि ऐसा है तो संबंधित संस्था के अधिकारियों पर कार्यवाही होनी चाहिए एवं फर्जी प्रमाण पत्र बनवाने वालों पर कार्यवाही होनी चाहिए।

5. सबसे ज्यादा धांधली नॉर्मलाईजेशन के नाम पर की गई है जिसमें स्टूडेंट्स द्वारा यह बताया गया है कि परीक्षा में 20 अंक तक घटे-बड़े हैं। रोजगार के लिए आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षा में यदि .1अंक भी कम हो जाता है तो अभ्यर्थी रोजगार प्राप्त करने से वंचित हो जाता है तो स्वाभाविक बात है 20 अंक का घाटा उसका जीवन बर्वाद करेगा।

6. जिन व्यक्तियों ने टॉप किया है उनकी रिस्पांस शीट देखने पर प्रतीत होता है कि उन्होंने सरल से सरल प्रश्नों को गलत किया है और कठिन से कठिन प्रश्नों को हल कर दिया है। साथ ही उनकी शिफ्ट में से अनेक प्रश्न बदले गए हैं और हटाए भी गए हैं उसके बाद भी उनके अत्यधिक अंक आना स्पष्टता घोटाले का संकेत है

7. पटवारी भर्ती परीक्षा में सबसे पहले उन्होंने मॉडल आंसर शीट जारी की उसके बाद फाइनल आंसर शीट जारी करना तत्पश्चात रिजल्ट जारी करना था लेकिन उन्होंने मॉडल आंसर शीट के बाद सीधे रिजल्ट जारी कर दिया और उसके बाद फाइनल आंसर शीट जारी की जो की स्पष्टता गड़बड़ी को उजागर करती है।

8. मध्यप्रदेश में लगभग 50 लाख से ज्यादा युवा सरकारी भर्ती परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं और उनके साथ इस प्रकार हर परीक्षा में घोटाला किया जाना मध्य प्रदेश के युवाओं पर एक अत्याचार है।

9. इस परीक्षा से पूर्व भी कृषि विस्तार अधिकारी परीक्षा में ग्वालियर-भिंड-मुरैना के आसपास के ही छात्र मेरिट में आए थे और वह भाजपा के नेताओ के संपर्क वाले थे और मामला उजागर होने पर परीक्षा रद्द करनी पड़ी थी।

10. टॉप 10 की लिस्ट में से 7 ग्वालियर की एनआरआई कॉलेज से ही थे। यहां कॉलेज भिंड के भाजपा विधायक संजीव सिंह कुशवाहा है।

11. 9000 चयनित लोगों में से 1000 लोगों का एग्जाम सेंटर यही कालेज का था ।

12. टॉप 10 में से सभी अभ्यार्थी के अंग्रेजी में से 25/25 अंक प्राप्त किये। पर सभी के हस्ताक्षर हिंदी में ही थे।

13. पहले व्यापम की उत्तरमाला में कुछ उत्तर सही बताए गए थे, और बाद में गलती मान कर सही किया ,इन टॉपर्स ने उन प्रश्नों के उत्तर वही दिए थे जो पहले व्यापम के सही उत्तर थे। जैसे कि कुछ टॉपर्स ने नर्मदा का उद्गम स्थल भोपाल लगाया था जो कि पहले व्यापम का भी उत्तर था। बाद में व्यापम ने यह जवाब बदला।

14. आधार कार्ड में फिंगर प्रिंट बदलने की पूरा प्रक्रिया स्थापित करने का काम एक गैंग द्वारा किया जा रहा है। आधार कार्ड में संशोधन करवा कर चार उंगली परीक्षार्थियों की और अंगूठा सॉल्वर का लगाया जाता था, फिर मोम और फेवीकोल से थंब इंप्रेशन का क्लोन बनाया जाता था, और फिर परीक्षार्थियों और सॉल्वर की फोटो को मॉर्फिंग के माध्यम से जोड़ा जाता था ।

पीएचडी कांड में लोकायुक्त ने कुलपति को बुलाया : एक घंटे तक हुई पूछताछ

उज्जैन/नवप्रदेश। विक्रम विश्वविद्यालय के बहुचर्चित पीएचडी कांड में लोकायुक्त ने गुरुवार को विक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति से करीब एक घंटे तक पूछताछ की। सूत्रों की मानें तो जल्द ही मामले में आरोपियों की संख्या और बढ़ सकती है। विक्रम विश्व विद्यालय में पीएचडी परीक्षा शीट में हुई गड़बड़ी के बाद लोकायुक्त ने पूर्व कुलसचिव व प्रोफेसर सहित 8 लोगों को आरोपी बना लिया है। जांच अधिकारी दीपक शेजवार ने गुरुवार को विक्रम विश्व विद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अखिलेश कुमार पांडे को

पूछताछ के लिए बुलाया। प्रो. पांडे से आंसर शीट में की गई गड़बड़ियों के संबंध में करीब एक घंटे तक बयान लिए गए। 6 मार्च 2022 को हुई इंजीनियरिंग पीएचडी प्रवेश परीक्षा में धांधली के आरोप यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव बबलू खिंची ने लगाए थे। पीएचडी परीक्षा की आंसर शीट में धांधली कर 11 शोधार्थियों को पास किया था। मामले में 18 मई 2023 को लोकायुक्त में शिकायत हुई थी। शिकायत के बाद विवि विद्यालय कुलसचिव डॉ.प्रशांत पौराणिक, सहायक कुल सचिव वीरेंद्र ऊचवारे प्रोफेसर डॉ. पीके वर्मा, डॉ. गणपत अहिरवार, इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. वायएस ठाकुर अमित मरमट, यूपी स्थित ऐटा के गौरव कुमार शर्मा और देवास की अंशुमा पटेल पर भ्रष्टाचार अधिनियम में केस दर्ज किया था।

घर में घुसकर कांग्रेस नेता की हत्या

20 तोला सोना, 5 किलो चांदी और दो राइफल ले उड़े बदमाश

सारंगपुर/नवप्रदेश। राजगढ़ में एक सनसनीखेज वारदात में बदमाशों ने कांग्रेस से जुड़े रहे पूर्व सरपंच की हत्या कर दी। वे घर में रखा 20 तोला सोना, 5 किलो चांदी और दो राइफल लेकर फरार हो गए। कांग्रेस नेता की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मामला राजगढ़ जिले के सारंगपुर थाने से करीब 6 किलोमीटर दूर काचरिया पुरोहित गांव का है। जहां बुधवार रात पूर्व सरपंच बने सिंह (85) के घर में बदमाश घुस गए। उनसे संघर्ष में बने सिंह की मौत हो गई। जबकि उनकी पत्नी लाड़कुंवर बाई (82) जख्मी हो गई। उन्हें इंदौर के बॉम्बे अस्पताल रेफर किया गया है। बने सिंह के बेटे राजेंद्र सिंह ने बताया कि घर से सोना-चांदी, दो राइफल और लाखों रुपए की नकदी गायब है। सारंगपुर थाना प्रभारी आशुतोष उपाध्याय और एसडीओपी जोइसदास मौके पर पहुंचे। वहीं राजगढ़ से एसपी वीरेंद्र सिंह डॉग स्क्वायड और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट के साथ मौके पर पहुंचे। भोपाल ग्रामीण रेंज डीआईजी मोनिका शुक्ला ने काचरिया पुरोहित गांव पहुंचकर घटना की जानकारी जुटाई और मौके का निरीक्षण किया। एसपी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि रात करीब 2-3 बजे लुटेरे घर में पीछे की तरफ से घुसे थे। संभवत पीछे का दरवाजा खुला था, क्योंकि उस पर तोड़ने के निशान नहीं मिले हैं। भारी डंडे से दंपती पर वार किया गया। मामले की जांच के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया है। यह किसी बाहरी गैंग का काम लगता है। आरोपियों को जल्द ही पकड़ कर न्यायालय में पेश करेंगे।

जोखिम में बच्चों की जान

नामली के बड़ौदा में शराब पीकर स्कूल बस चला रहे ड्राइवर को ग्रामीणों ने रोका

स्कूल प्रबंधन के सुपुर्द की बच्चों से भरी बस



रतलाम/नवप्रदेश। रतलाम के बड़ौदा गांव में एक निजी स्कूल बस बड़े हादसे का शिकार होने से बच गई। शराब के नशे में धुत होकर तेज रफ्तार से स्कूल बस चला रहे ड्राइवर को ग्रामीणों ने रोका और स्कूल संचालक को मौके पर बुलाकर छोटे बच्चों से भरी स्कूल बस सुपुर्द की है। घटना आज दोपहर की है जहां नामली के आदर्श वैली स्कूल की बस बड़ौदा गांव के बच्चों को छोड़ने गांव पहुंची थी। गांव के चौराहे पर तेज रफ्तार से निकली बस को देखकर ग्रामीण चौंक गए। ग्रामीणों को दुर्घटना की आशंका होने पर उन्होंने तेज रफ्तार बस को रुकवाया। लेकिन बस चालक शराब के नशे में धुत था और ग्रामीणों से गाली गलौज करने लगा। इसके बाद ग्रामीणों ने स्कूल संचालक को मौके पर बुलाकर स्कूल के बच्चों को अन्य ड्राइवर से घर छुड़वाया।

दरअसल शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में निजी स्कूलों की सेंकड़ों बस और छोटे स्कूल वाहन प्रतिदिन स्कूल के बच्चों को लेकर हाईवे और व्यस्त सड़कों पर सफर करते हैं। लेकिन इन स्कूल बसों की रफ्तार और वाहन चालकों की मॉनिटरिंग करने वाला कोई नहीं है। पुलिस थानों के सामने से गुजरने वाले ओवरलोडेड स्कूल वाहनों पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। यही नहीं गहरी नींद में सोए आरटीओ विभाग को तो इस तरफ देखने का भी समय नहीं है। शायद परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस किसी बड़े हादसे के इंतजार में है । जिसके बाद यह विभाग जांच और कार्रवाई की खानापूर्ति में जुट जाएंगे।

नामली क्षेत्र के बड़ौदा गांव में आज ऐसी ही एक घटना सामने आई है जिसमें नशे में धुत स्कूल बस चालक बच्चों से भरी बस को तेज रफ्तार में दौड़ा रहा था। ग्रामीणों की माने तो चौराहे पर बस स्टैंड करते समय गंभीर हादसा होने से बच गया। इसके बाद ग्रामीणों ने बस रोककर ड्राइवर को सबक सिखाया और स्कूल संचालक को मौके पर बुलाकर अन्य ड्राइवर की मदद से बच्चों को उनके घर तक छुड़वाने की व्यवस्था की है। गांव के पूर्व सरपंच रहे अभिषेक शर्मा ने इस मामले में स्कूल प्रबंधन को जानकारी दी और प्रशासन से भी मांग की है कि जिले में बच्चों की जान से खिलवाड़ कर रहे निजी स्कूलों और स्कूल वाहन संचालकों पर लगाम कसी जाए।

अब कम्प्यूटरीकृत जारी होगी भू-अधिकार पुस्तिका, राजस्व विभाग ने जारी किए दिशा-निर्देश

भोपाल/नवप्रदेश। किसानों को भू-अधिकार पुस्तिका उपलब्ध कराने के लिए राजस्व विभाग द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए गए है। जारी निर्देशों के तहत अब नवीन भू-अधिकार पुस्तिका कम्प्यूटरीकृत रूप में ही जारी होगी। पूर्व में जारी भू-अधिकार पुस्तिका यथावत प्रचलन में रहेगी। परंतु नवीन पुस्तिका कम्प्यूटरीकृत रूप में ही जारी होगी।

पहले पेज के 30 और अतिरिक्त पेज के लगेंगे 15 रुपये

भू-अधिकार पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ हेतु 30 रूपये एवं अतिरिक्त प्रति पृष्ठ 15 रुपये शुल्क निर्धारित है। भू-अधिकार पुस्तिका न्यूनतम दो पृष्ठों की होगी, इस प्रकार दो पृष्ठों की भू-अधिकार पुस्तिका की कीमत 45 रुपये निर्धारित की गई है। अतिरिक पृष्ठ जो? जाने पर प्रतिपृष्ठ 15 रुपये देय होगा। भू-अधिकार पुस्तिका शुल्क अदा करने पर भूलेख पोर्टल www.mpbhulekh.gov.in पर आनलाइन, आईटी सेन्टर, MPOnline,लोक सेवा केन्द्र एवं शासन द्वारा प्राधिकृत सेवा प्रदाता से प्राप्त की जा सकेगी।

पहली बार निश्शुल्क प्रदान की जाएगी भू-अधिकार पुस्तिका

मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता नियम, 2020 के प्रविधान अनुसार भू-सर्वेक्षण उपरांत प्रथमवार भू-अधिकार पुस्तिका संबंधित भूमिस्वामी को निश्शुल्क प्रदाय की जाएगी। इसके अतिरिक्त भूराजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत विनिर्मित नियमों में जहां-जहां भू-अधिकार पुस्तिका निश्शुल्क जारी करने का प्रविधान है, संबंधित व्यक्ति को भू-अधिकार पुस्तिका निश्शुल्क दी जाएगी। निश्शुल्क दी जाने वाली भू-अधिकार पुस्तिका जारी करने के लिए तहसीलदार को भूलेख पोर्टल पर लागिन कर अपने लागिन से भू-अधिकार पुस्तिका का प्रिंट जारी करने का अधिकार होगा। भू-अधिकार पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर संबंधित भूमिस्वामी की समग्र आईडी डाला जाना सुनिश्चित किया जाएगा। पुस्तिका पर भूमिस्वामी का फोटो मुद्रित होगा। यदि भूमिस्वामी का प्रकार निजी संस्था है, तो भू-अधिकार पुस्तिका पर समग्र आइडी एवं फोटो की आवश्यकता नहीं होगी। यदि संबंधित कृषक का फोटो भूलेख पोर्टल के डाटाबेस में उपलब्ध है तो उसे भू-अधिकार

गो-शालाओं में हरियाली अमावस्या से होगा पौध-रोपण अभियान

भोपाल/नवप्रदेश। प्रदेश में हरियाली अमावस्या 17 जुलाई से तीन दिवसीय पौध-रोपण अभियान शुरू किया जा रहा है। इसमें कम से कम 1 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मध्यप्रदेश गो-संवर्धन बोर्ड की कार्य-परिषद के अध्यक्ष स्वामी श्री अखिलेश्वरानंद गिरी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पशुपालन विभाग के जिलों में पदस्थ अधिकारियों से कहा गया है कि अपने जिले की ग्राम पंचायत स्तर पर नवनिर्मित गो-शालाओं के साथ पहले से संचालित गो-

गिरफ्तारी... कस्टडी से भागने के दौरान आरोपी घायल; मर्डर केस की चश्मदीद बोली-सिरफिरा पत्थर मारता था

ग्वालियर में छात्रा की हत्या करने वाला महाराष्ट्र से गिरफ्तार

ग्वालियर/नवप्रदेश। ग्वालियर में दो दिन पहले रिटायर्ड डीजीपी की नातिन की गोली मारकर हत्या करने वाला मुख्य आरोपी सुमित रावत को पुलिस ने महाराष्ट्र के धुले से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उसे लेकर ग्वालियर आ रही थी।

दोपहर करीब 3.30 बजे घाटीगांव के पास आरोपी ने टॉयलेट के लिए गाड़ी रुकवाई। गाड़ी से उतरते ही उसने, हाईवे से नीचे जंगल की तरफ छलांग लगा दी। पुलिस ने भी बिना देर किए पीछा कर उसे दबोच लिया। आरोपी के घुटने में चोट लगी है। पुलिस के मुताबिक जब वह हाईवे से कूदा, तो गड्ढे में गिरा। वहां लाल नुकीले पत्थर पड़े थे। जो उसके पैर में घुस गए। उसे ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। इससे पहले पुलिस ने एक अन्य आरोपी उपदेश उर्फ मोंटी रावत को डबरा

से गिरफ्तार किया था। मोंटी मुख्य आरोपी सुमित रावत का भाई है। हत्याकांड में चार नाम सामने आए हैं।

सोनाक्षी कहती है, पता नहीं था कि यह शैतान मुझसे मेरी बेस्ट फ्रेंड को हमेशा के लिए छीन लेगा। जब यह सोचती हूं कि आरोपी मुझे मारने आया था और मेरी फ्रेंड की जान चली गई तो बहुत बुरा लगता है। मैं चाहती हूं कि पुलिस सुमित रावत और उपदेश उर्फ मोंटी का एनकाउंटर करे। इस तरह की हरकत करने वालों को मैसेज जाए। सोमवार रात 8 बजे 11वीं की छात्रा अक्षया सिंह यादव की सड़क पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अक्षया मध्यप्रदेश के पूर्व डीजीपी सुरेंद्र सिंह यादव की नातिन थी। घटना की चश्मदीद सोनाक्षी शर्मा हैं। हमले के दौरान वह अक्षया के साथ एक्टिवा पर पीछे बैठी थी।

एक आरोपी डबरा से गिरफ्तार

हत्याकांड में सुमित रावत, उसका भाई उपदेश रावत उर्फ मोंटी व दो अन्य के नाम सामने आए थे। पुलिस ने सभी पर इनाम घोषित किया था। पुलिस ने दबिश देकर बुधवार को डबरा के पास से उपदेश रावत को गिरफ्तार किया है। इस पर SSP ग्वालियर की ओर से 10 हजार रुपए का इनाम भी घोषित था। हत्या में वह शामिल था। उसने पकड़े जाने के बाद पुलिस के सामने कहा है कि उसे कुछ पता नहीं था। वह सुमित के कहने पर साथ गया था। अभी पुलिस उससे सुमित के ठिकानों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

ग्वालियर में घाटीगांव के नजदीक पुलिस गिरफ्त से मुख्य आरोपी सुमित रावत ने भागने की कोशिश की। पुलिस ने घेराबंदी कर उसका शॉर्ट एनकाउंटर कर दिया। आरोपी सुमित के पैर में गंभीर चोट आई है। उसे जयारोग्य हॉस्पिटल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। सुमित रावत को पुलिस ने बुधवार रात महाराष्ट्र के धुले से गिरफ्तार किया था। पुलिस उसे लेकर ग्वालियर आ रही थी।

गुरुवार दोपहर करीब 3.30 बजे पुलिस उसे लेकर घाटीगांव पहुंची, तभी सुमित ने टॉयलेट के लिए गाड़ी रुकवाई। गाड़ी से उतरते ही उसने, हाईवे से नीचे जंगल की तरफ छलांग लगा दी।

सागर भाजपा की कलह एक बार फिर सड़कों पर, बीजेपी आईटी सेल के जिला सह संयोजक ने दिया इस्तीफा

मंत्री भूपेन्द्र सिंह को ठहराया जिम्मेदार

राजस्व मंत्री गोविन्द राजपूत पर फिर लगे गंभीर आरोप..

भोपाल/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी की चुनावी रणनीति में आईटी सेल का महत्वपूर्ण कार्य होता है,यही टीम चुनावों में राजनैतिक जानकारी उपलब्ध कराती है । भाजपा कार्यकर्ताओं नेताओं को प्रचार प्रसार के लिए अपडेट किया जाता है । मध्यप्रदेश में चुनावी सरगर्मियां तेज हो चुकी हैं, इसी बीच लंबे समय से सागर भाजपा मची में कलह एक बार फिर उजागर हो गई..

सागर जिला भाजपा आईटी सेल के जिला सह संयोजक सचिन विश्वकर्मा ने अपने पद के साथ पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा देने के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रिय मंत्री भूपेन्द्र सिंह पर गंभीर आरोप भी लगाये, सचिन ने अपने त्याग पत्र में लिखा कि मंत्री भूपेन्द्र सिंह की विचारधारा पार्टी के हित में नही है इसलिए वह पद पर रहकर कोई कार्य नहीं कर सकते.....इसी तरह के ताजा घटनाक्रम में भाजपा प्रदेश कोर समीति के सदस्य और सरकार में मंत्री भूपेन्द्र सिंह के करीबी रिश्तेदार पूर्व भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजकुमार सिंह धनोरा ने एक बार फिर प्रदेश सरकार के मंत्री गोविन्द राजपूत और उनके परिवार पर गंभीर आरोप लगाये है....पूर्व भाजपा नेता राजकुमार धनोरा ने प्रदेश के परिवहन एवं राजस्व मंत्री गोविन्द राजपूत पर भारी भ्रष्टाचार करने और जमीनों को दान मे लेने के गंभीर आरोप सागर में पत्रकार वार्ता के दौरान लगाये...राजकुमार का आरोप है कि मंत्री राजपूत ने पद का दुरुपयोग करते हुए वर्ष 2019 में अपने परिवार की ज्ञानवीर समीति के लिए 30 एकड जमीन खरीदी जिसमे 11 एकड जमीन पुत्र आदित्य सिंह ज्ञानवीर सेवा समीति को मंत्री राजपूत के भतीजे मूरत सिंह ने दान में दी, यह स्टांप ड्यूटी चोरी कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने का मामला बताया...पिछले कई महीनों से मंत्री राजपूत को दान में मिल रही जमीनों का मामला राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बना है....विधानसभा चुनावों के समय सागर भाजपा में मची कलह संभागीय मुख्यालय होने के कारण पूरे सागर संभाग को प्रभावित कर रही है। पिछले दिनों सागर के सभी बडे नेताओं ने मुख्यमंत्री से मिलकर इस्तीफा देने की बात कही थी, उस समय भाजपा संघठन का अनुशासन तार तार हो गया जब प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा को हटाने की मुहिम सागर से चलाई गई, अश्लील पत्र वायरल किया गया, भूपेन्द्र सिंह होंगें अगले भाजपा अध्यक्ष यह मैसेज सोशल मीडिया में तेजी से तैरने लगे । मामले पर केन्द्र सरकार से लेकर केन्द्रीय भाजपा नेतृत्व ने संज्ञान में लिया और तुरंत एक्शन लेने के निर्देश जारी हुए । मुख्यमंत्री को भी अपनी ओर से सरेंडर होना पडा, आय से अधिक संपत्ति का मामला लोकायुक्त मे पंजीबद्ध कर यह संदेश देने की कोशिश की गई कि सरकार का एकतरफा प्रेम नहीं है, इसके आगे भी नतीजे देखने को मिले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भोपाल आगमन पर प्रोटोकॉल में बतौर भोपाल के प्रभारी मंत्री भूपेन्द्र सिंह का नाम हटाया गया,पूरे दौरे से दूर रख कर सख्त संदेश देने की कोशिशें की गई, मुख्यमंत्री की टिफिन कैबिनेट में भी भूपेन्द्र सिंह का नदारद होना चर्चा का विषय था ।

सागर में दलित को निर्वस्त्र कर पीटने के मामले में भाजपा नेता को छोड़कर 3 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है, कांग्रेस ने एसपी से मिलकर इस पर आपत्ति दर्ज कराई, कांग्रेस का आरोप है कि मुख्य कर्ताधर्ता भाजपा नेता को मंत्री का संरक्षण प्राप्त है इसलिए उसे बचाया जा रहा है । निर्वस्त्र कर दलित की पिटाई भाजपा नेता के कहने पर की गई थी उसे पुलिस ने छो? दिया ।

बहरहाल राजनैतिक सूत्र बता रहे है कि सागर भाजपा की अंदरूनी कलह का विधानसभा चुनावों पर व्यापक असर पडेगा ऐसा तय माना जा रहा है । जिस तरह से दिल्ली और भोपाल से डैमेज कंट्रोल के निर्देश लगातार दिये जा रहे परंतु नेताओं और कार्यकर्ताओं में इसका असर नहीं दिख रहा है,

हिंदू संगठनों ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

पथरिया/नवप्रदेश। कर्नाटक के बेलगाम जिले में जैन मुनि कामकुमार नंदी महाराज की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस घटना के सामने आने के बाद हिंदू संगठनों ने कर्नाटक सरकार पर कई सवाल उठाए हैं। आरोपियों ने जैन मुनि के शव को टुकड़े कर दिए और उन्हें गांव में एक बंद पड़े बोरवेल में फेंक दिया था। 6 जुलाई को जैन मुनि कामकुमार के लापता होने की खबर आई। वे नंदी पर्वत आश्रम के अपने कमरे में नहीं मिले, जबकि उनकी पिच्छिका और कमंडल वहीं थे। 5 जुलाई की रात 10 बजे तक उन्हें कमरे में देखा गया था। जैन संत के आश्रम में नहीं मिलने पर उनके शिष्यों की चिंता बढ़ गई। काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिलने पर आचार्य कामकुमार नंदी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष भीमप्पा उगारे ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। देश में बढ़ रहे साधु-संतों पर अत्याचार एवं हत्याओं के विरोध में सभी सनातन संगठनों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा । जिसमें कर्नाटक के बेलगांव जिले की चिक्कोड़ी तालुका के नंदीग्राम में जैन आचार्य काम कुमार नंदी जी की निर्मम हत्या के विरोध में पूरे जैन समाज सहित नगर के धार्मिक सामाजिक संगठन ने मिलकर जलूस निकाला एवं सरकार से हत्यारों को फांसी की सजा एवं साधु संतों की सुरक्षा के प्रबंध की मांग की।

सुबह से बाजार बंद रखकर सभी नगरवासियों ने धार्मिक एकता का परिचय दिया।भारतीय जैन मिलन के तत्वाधान में बड़े जैन मंदिर से प्रातः 10.30 विशाल जलूस प्रारंभ हुआ जिसमे सभी श्रद्धालु अपने परिधान पर काला फीता बांधे नारे लगाते हुए चल रहे थे हत्यारों को फांसी दो,साधु संतो की सुरक्षा के प्रबंध हो।जलूस की लंबाई एक किलोमीटर से अधिक थी जिसमे बच्चे, बालक, बालिकाएं,युवा,महिलाएं,पुरुष सम्मिलित रहे।नगर में मुख्य मार्गो से जलूस गुजरता हुआ एस डी एम कार्यालय पहुंचा जहा ज्ञापन का बाचन रोहित जैन ने किया जिसमे सरकार से हत्यारों को फांसी की सजा की मांग और साधु संतो को सुरक्षा प्रदान करने के साथ साधुओ के आयोग का गठन किया जाए जिसमे उनके हितों को निहित किया जाए।तहसीलदार विकास अग्रवाल ने ज्ञापन लेने के उपरांत कहा आप सभी की मांग को राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री महोदय तक पहुंचाया जाएगा और प्रशासनिक स्तर पर आपकी बात पहुंचाऊंगा।ज्ञापन के बाद जैन मिलन के अध्यक्ष संजय कुबेर में सभी संगठनों एवं समाज जनों का आभार व्यक्त किया। ज्ञापन देने वालों में भगवती मानव कल्याण संगठन,विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल,राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ,गायत्री परिवार,पतंजलि सेवा समिति,भाजपा और युवा मोर्चा,कांग्रेस,बहुजन समाज पार्टी,जैन

ट्रक के केबिन में फंसा ड्राइवर जिंदा जला

सतना-चित्रकूट हाईवे पर दो ट्रकों में टक्कर के बाद लगी भीषण आग

सतना/नवप्रदेश। सतना-चित्रकूट स्टेट हाईवे पर गुरुवार की अल सुबह दो ट्रकों के बीच हुई सीधी भिड़ंत के बाद लगी आग में जलने से एक ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई। हालांकि सूचना मिलते ही आग पर काबू पाने की कोशिश की गई लेकिन ड्राइवर को बचाया नहीं जा सका। हासिल जानकारी के मुताबिक सतना-चित्रकूट हाईवे पर कोठी थाना अंतर्गत ठाड़ी पाथर के पास गुरुवार को अल सुबह दो ट्रकों में आमने - सामने से भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद एक ट्रक पलट गया और उसमे आग लग गई। ट्रक ड्राइवर अंदर केबिन में ही फंसा रह गया और आग से जलकर उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान अलीम खान पिता असलम खान 35 वर्ष निवासी हरियाणा के रूप में हुई है। बताया जाता है कि दोनों ट्रक लोड थे जिनमें से एक सतना से चित्रकूट की तरफ जा रहा था जबकि दूसरा सतना की तरफ आ रहा था। ठाड़ी पाथर के पास दोनों आमने-सामने टकरा गए जिसके बाद हरियाणा पासिंग ट्रक पलट गया और उसमें आग लग गई। इसमें ट्रक उसका ड्राइवर घायल हो कर केबिन में ही फंस गया जबकि दूसरे ट्रक के ड्राइवर और क्लीनर को भी चोट आई। ट्रकों के टक्कर के बाद आग लग जाने की जानकारी कोठी थाना पुलिस को वहां से गुजरे लोगों ने दी।

आनन फानन में कोठी नगर पंचायत से दमकल वाहन वहां भेजा गया और आग पर काबू पा कर किसी तरह ड्राइवर को बाहर निकाला गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जबकि दो अन्य घायलों को भी इलाज के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया है।

कलेक्टर ने शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल कल्याणपुरा का किया आकस्मिक निरीक्षण

झाबुआ/नवप्रदेश । कलेक्टर सुश्री तन्वी हुड्डा द्वारा शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल कल्याणपुरा विकासखंड झाबुआ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरिक्षण के दौरान यहाँ पर बच्चो के उपस्थिति रजिस्टर चेक किए गए, बच्चो की उपस्थिति कम पाए जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त कर प्राचार्य को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए द्य कक्षा 10वी में 74 में से 26 बच्चे ही उपस्थित पाए गएद्य कक्षा 10वी के हिंदी के शिक्षक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। कक्षा 11वी में अंग्रेजी की कक्षा चल रही थी अंग्रेजी के शिक्षक को प्रत्येक बच्चे पर ध्यान देने व बच्चा क्या लिख रहा हैं वह भी ध्यान देने को एवं बच्चो का समय-समय पर टेस्ट लेकर पढ़ाने को कहा गया। साथ ही बच्चो को अंग्रेजी भाषा के प्रति प्रोत्साहित किया। संबंधित विभाग को जो बच्चे पिछले वर्ष अनुत्तिर्ण हुए है उनका डाटा निकाल कर उपस्थिति की मोनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात कलेक्टर सुश्री हुड्डा द्वारा कक्षा 12वी के कृषि संकाय के विद्यार्थियों से शिक्षा के सम्बन्ध में बातचीत की गईद्य विद्यार्थियों से फसलो के बारे में पूछा गया एवं अपने विषय से सम्बंधित जानकारी प्राप्त करने को कहा। जिससे भविष्य में सहायता मिलेगीद्य इसके अतिरिक्त बगीचे में पोधो के बारे में और जानकारी लेने को कहा। कलेक्टर द्वारा सभी बच्चो को संविधान के बारे में बताया गया। बच्चो को प्रतिदिन अखबार पढने के लिए कहा गया। कलेक्टर सुश्री हुड्डा ने बच्चो से अंग्रेजी में पाठो का वाचन करवाया एवं अंग्रेजी अच्छे से पढने के लिए प्रेरित किया । साथ ही अंग्रेजी भाषा के प्रति प्रोत्साहित कर आपस में अंग्रेजी में बातचीत करने को कहा गया। यहां पास ही स्थित शासकीय कन्या स्कूल कल्याणपुरा में छात्राओं से बातचीत की कर उनकी शिक्षा की गुणवत्ता एवं अन्य व्यवस्थाओं के

संक्षिप्त समाचार

उत्कृष्ट विद्यालय बासौदा में स्काउट गाइड का विगिनर्स कोर्स संपन्न

गंजबासौदा/नवप्रदेश। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बासौदा में भारत स्काउट गाइड जिला संघ विदिशा द्वारा बासौदा विकासखंड का विगिनर्स कोर्स आयोजित किया गया। इस एक दिवसीय शिविर में स्काउट आंदोलन का ज्ञान, उत्पत्ति प्रचार प्रसार नियम- प्रतिज्ञा ,भारत में स्काउट आंदोलन की शुरुआत के बारे में बताया गया । जिला सचिव हरिहर चतुर्वेदी एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त विशाल सिंह भदौरिया ने इसके साथ साथ छात्रों एवं शिक्षकों का एडवांसमेन्ट प्रशिक्षण कैसे हो के बारे में बताया। सामाजिक कार्यों में स्काउट गाइड कैसे जुड़े, सार्वजनिक एवं शासकीय संपत्तियों का संरक्षण ,पर्यावरण संरक्षण ,वृक्ष लगाओ, हरियाली लाओ का संदेश देने वाले इस शिविर में संस्था के प्रभारी प्राचार्य दिनेश ओझा, स्काउटर ओ.पी. दुबे ,गाइडर श्रीमती दिव्या राठौर , राम बाबू पांचाल ,प्रशांत श्रीवास्तव ,सचिन खापरे ने प्रशिक्षण में सहयोग किया । शिविर में 39 शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

जिले की ग्राम पंचायत में पदस्थ पंचायत सचिवों का हुआ स्वैच्छिक स्थानांतरण

झाबुआ/नवप्रदेश। मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत झाबुआ के आदेशानुसार मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय, भोपाल मध्यप्रदेश शासन एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, भोपाल के माध्यम से प्रसारित दिशा निर्देश के आधार पर जिले की ग्राम पंचायत में पदस्थ पंचायत सचिवों के स्वैच्छिक स्थानांतरण किया गया है । जिसमे जनपद पंचायत पेटलावद से पेमा मेडा का जामदा, गजेन्द्र सिंह राठौर का बखतपुरा, बिनोद कुमार देवड़ा का झकनावद, खुशालसिंह वसुनिया का ह्वमंतिया, नारायण सोलंकी का सेमलियाद्य जनपद पंचायत थांदला के चुन्नीलाल खड़िया का मछलइमाता, जनपद पंचायत मेघनगर अंतिम बेरागी का खलखंडवी, जनपद पंचायत झाबुआ से श्री अमित पंवार का बड़ा सेमलिया एवं श्री बदियासिंह भूरिया का पिपलिया, जनपद पंचायत रामा के हरीश सोलंकी का महुडीपाडा एवं जनपद पंचायत रानापुर से महेश बरिया को टिकडीबोरिया ग्राम पंचायत मे आगामी आदेश आने तक पदस्थ किया जाता है।

चार वर्षों में जिले की स्वास्थ्य सुविधाएं हुईं बेहतर

रतलाम /नवप्रदेश। विगत चार वर्षों में जावरा विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लगभग 26 करोड़ रु की लागत से भवन व संसाधन की स्वीकृति प्रदान की है। जिसमे महिला चिकित्सालय,बाल चिकित्सालय,एक नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व 16 उपस्वास्थ्य केंद्रों के भवन सहित विभिन्न सुविधाए है। विधानसभा सत्र में विधायक डॉ. राजेन्द्र पांडेय के प्रश्न पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि जावरा के सिविल हॉस्पिटल आसपास के क्षेत्र का प्रमुख चिकित्सा केंद्र है। यहां एक वर्ष में 1 लाख 29 हजार 545 मरीज ओपीडी में उपचार कराने पहुचे। इस दौरान 3 हजार 401 इमरजेंसी मामले आये। यहाँ अन्य सुविधाओं के साथ फिजियोथेरेपी की सुविधा भी शुरू कर दी गई है, आगामी समय मे डायलेसिस सुविधा भी प्रारम्भ होने जा रही है इस हेतु दो डायलेसिस मशीन भी यहां स्थापित की गई है। डॉ. पांडेय के अन्य प्रश्न पर स्वास्थ्य मंत्री श्री चौधरी ने बताया कि बीते चार वर्षो में जावरा विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार हेतु लगभग 26 करोड़ रु की लागत से विभिन्न स्वीकृतियां दी गई है जिनमे नवीन महिला चिकित्सालय का निर्माण है।

जैन मुनिराज काम कुमार की हत्या के विरोध में सकल जैन समाज ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

गंजबासौदा/नवप्रदेश। जैन समाज द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंप कर जैन आचार्य पूज्य श्री 108 कामकुमार नंदी जी मुनिराज की निर्मम हत्या का विरोध जताया गया और हत्यारों पर त्वरित कार्यवाही की मांग की गई। जैन समाज के लोग पहले महावीर विहार धर्मशाला में एकत्रित हुए जहां से सभी लाल परेड ग्राउंड पहुंचे। जैन समाज द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि बेलगावी जिले में चिकोड़ी तालुक में नंदी पर्वत पर स्तिथ जैन तीर्थ पर विराजमान जैन आचार्य पूज्य श्री 108 कामकुमार जी मुनिराज की दिनांक 5 जुलाई 2023 निर्मम हत्या कर दी। जिससे सम्पूर्ण भारत ही नहीं विश्व के जैन समाज में दुख व रोष व्याप्त है । इस ज्ञापन के माध्यम से हम सकल जैन समाज गंजबासौदा निम्न मांगो का समर्थन करते हुए आज आयोजित विरोध रैली के माध्यम आपसे मांग करते है कि पूज्य आचार्य श्री 108 कामकुमारनंदी जी मुनिराज की हत्या की साजिश का जल्द से जल्द खुलासा हो । साथ ही कर्नाटक के छ्वक्क पुलिस या स्क्क बेलगावी दुःखद घटनाक्रम पर वीडियो संदेश जारी करें। ज्ञापन में अन्य बिंदुओं का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि जैन ट्रस्ट द्वारा आरोपियों को 6 लाख रुपये उधार देने के स्थान पर जैन मुनि द्वारा रुपये उधार देने की गलत व झूठी न्यूज बंद की जाए, निर्मम हत्या का मुकदमा फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुना जाए और कर्नाटक सहित सम्पूर्ण भारत में जैन संतों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित हो साथ ही कर्नाटक सहित सम्पूर्ण भारत में जैन धर्म, तीर्थ व संतो की सुरक्षा हेतु जैन संरक्षण बोड की स्थापना हो !

पिता ने बेटी और उसके तीन बच्चों को दिया जहर: खुद ने भी की सुसाइड की कोशिश

दामाद पर परिवार की बेटी से अफेयर का शक

मुरैना/नवप्रदेश। मुरैना में एक पिता ने अपनी बड़ी बेटी और उसके तीन बच्चों को जहर देकर खुद भी जहर खा लिया। पांचों लोगों को गंभीर हालत में मुरैना जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें ग्वालियर के कमलाराजा अस्पताल रेफर किया गया। शुरुआती जांच में सामने आया है कि व्यक्ति को शक था कि उसके दामाद (बड़ी बेटी के पति) का परिवार की ही एक लड़की से अफेयर है। दोनों को लेकर गांव भर में बातें हो रही हैं। इसी से आहत होकर यह कदम उठाया।

बेटी, उसके बच्चों के बेहोश होने का इंतजार किया, फिर खुद जहर खाया

घटना मुरैना के छौंदा गांव की है। जहां कुंदन बाथम नाम के शख्स ने गुरुवार को सुसाइड की कोशिश की। बड़ी बेटी राजा (35) की शादी जौरा में हुई है। वह अपने बच्चों मोनिका (8), बेटे अमित (6) और सबसे छोटी डेढ़ साल की बेटी अनन्या को लेकर मायके आई थी। कुंदन ने सिंघाड़े की फसल में डालने वाला कीटनाशक सत्तू में मिलाया और सबसे पहले राजा बेटी के तीनों बच्चों को दिया। तीनों बच्चों को जहर देने के बाद बेटी को कीटनाशक मिला सत्तू खिलाया। जब बेटी और उसके तीनों बच्चे बेहोश होने लगे तो खुद भी यह सत्तू खा लिया। कीटनाशक का असर होते ही सभी की हालत खराब होने लगी। सभी उल्टियां करने लगे। बाद में पांचों बेहोश हो गए।

कुंदन के छोटे भाई की बहू ने की खबर

परिवार को बेहोशी की हालत में ग्वालियर अस्पताल लेकर पहुंचे रामनरेश कश्यप ने बताया, कुंदन के छोटे भाई दाताराम की बहू सुनीता सुबह के समय दौड़ते हुए मेरे पास आई। कहने लगी कि कुंदन भाई साहब ने जहर पी लिया है। सभी बेहोश पड़े हैं, कोई कुछ भी नहीं बोल रहा है। यह सुनकर मैं तुरंत उनके घर पहुंचा। देखा तो सभी मरणासन्न स्थिति में पड़े थे।

तुरंत 108 नंबर पर फोन लगाया और इसके बाद गांव के चार - पांच लड़कों के साथ सभी को लेकर जिला अस्पताल मुरैना पहुंचा। जिला अस्पताल मुरैना के डॉक्टर ने सभी को देखने के बाद ग्वालियर रेफर कर दिया। ग्वालियर में दो बच्चों को कमलाराजा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुंदन बाथम, उसकी बेटी और सबसे छोटे बेटे को अस्पताल की नई बिल्डिंग में भर्ती किया गया है।

प्रथम पेज का शेष

इसरो के चंद्रयान-3 की

सफलतापूर्वक चांद की सतह पर उतारने के लिए इसमें कई तरह के सुरक्षा उपकरणों को लगाया गया है। चंद्रयान 3 मिशन की थीम 'साइंस ऑफ द मून' यानी चंद्रमा का विज्ञान है।

पुलिस पिटाई से भाजपा नेता

वार्ड -1 में एडमिट हैं। उनका सीटी स्कैन हुआ है। ब्रेन नॉर्मल है। सांसद को वाई प्लस सुरक्षा मिली हुई है। पिटाई के समय उनके सुरक्षाकर्मी भी मौजूद थे। प्रदर्शन में शामिल भाजपा बिहार प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी और पुलिस के बीच धक्कामुक्की हुई। विधानसभा संयोजक डॉ. संजय मिश्रा को कुर्ता फाड़कर पीटा गया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को भी पुलिस ने नहीं छोड़ा। पीएमसीएच में 11 से अधिक घायल नेता और कार्यकर्ता भर्ती हैं। पुलिस ने सम्राट चौधरी समेत कई नेताओं को हिरासत में ले लिया। सभी को बस भरकर ले गई। बाद में छोड़ दिया।

वैज्ञानिक अनुसंधान निधि

नेशनल रिसर्च फाउंडेशन-एनआरएफ की स्थापना करके अधिक निधि का वादा किया है तो उनकी खरीदारी रुकी है और परियोजना में काम करने वाले कर्मचारियों को तीन महीने से भुगतान नहीं किया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, निजी फंडिंग का स्वागत है, लेकिन सरकारी फंडिंग बंद नहीं होनी चाहिए। बजट 2023 ने वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए धन में 6.87 प्रतिशत की कटौती की जबकि 2017 में मोदी सरकार के नकली विज्ञान प्रेम और वैज्ञानिक निधि में कटौती पर चिंता व्यक्त करते हुए वैज्ञानिकों को सरकार के रुख के विरुद्ध 27 शहरों में विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होना पड़ा था। उन्होंने कहा, 2015 में सरकार ने वैज्ञानिक अनुसंधान में शामिल संगठनों को 'स्व-वित्तपोषण' परियोजनाएं शुरू करने के लिए कहा था जिसका मतलब था कि उन्हें अनुसंधान के लिए खुद धन जुटाना होगा। लेकिन सरकार ने बार-बार वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने के प्रति अपनी तिरस्कार की नीति जारी रखी और बराबर तिरस्कार का भाव प्रदर्शित करती रही। खडगे ने कहा कि पीएम मोदी भले ही -जय विज्ञान, जय अनुसंधान- के बारे में बोलते हों, लेकिन दुख इस बात का है कि उनकी सरकार 'पराजय विज्ञान, पराजय अनुसंधान' की पोषक बनी हुई है।

विद्यार्थी अपनी सोच और कार्यों से देश

जा रहे हैं। जनजातीय गौरव दिवस मनाने की शुरूआत भी मध्यप्रदेश ने ही की है। उन्होंने मध्यप्रदेश की पिछली शहडोल यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि मुझे वहाँ पर पेसा एक्ट का शुभारंभ करने का अवसर मिला था। यह एक्ट जनजातीय समुदाय के लोगों के हित में लागू किया गया है।

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि यह दीक्षांत समारोह इसलिये भी विशेष है क्योंकि संस्थान ने अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। उन्होंने उपाधियाँ प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों व उनके परिजनों एवं प्राध्यापकों को बधाई व शुभकामनाएँ दीं। राष्ट्रपति ने कहा कि यह खुशी की बात है कि ट्रिपल आईटीएम ग्वालियर शिक्षा का एक ऐसा उत्कृष्ट केन्द्र बनने की ओर अग्रसर है जहाँ उच्च स्तर की शिक्षा और अनुसंधान को निरंतर ब?ावा मिलेगा। खुशी की बात है कि इस संस्था ने स्थानीय समुदायों की मदद के लिये विभिन्न गतिविधियाँ शुरू की हैं। संस्थान के विद्यार्थी और प्राध्यापक स्थानीय समुदायों के कमजोर परिवारों के बच्चों को मार्गदर्शन दे रहे हैं। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि आर्थिक लाभ महत्वपूर्ण होता है, लेकिन संतुष्टि उससे भी महत्वपूर्ण है।

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने ग्वालियर की सराहना करते हुए कहा कि शहर प्रदेश के सबसे खूबसूरत शहरों में से एक है। यह महलों, मंदिरों और किलों के लिये तो प्रसिद्ध है ही, भारतीय इतिहास में भी इसका महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने मराठाओं के संघर्ष और सिंधिया राजवंश द्वारा ग्वालियर के विकास में दिए गए योगदान का भी विशेष जिक्र किया। साथ ही कहा कि ग्वालियर अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिये भी जाना जाता है। प्रसन्नता की बात है कि ग्वालियर जिले में स्थित संगीत सम्राट तानसेन के गाँव को तानसेन नगर का नाम दिया गया है। यह एक सर्वमान्य तथ्य है कि शून्य भारत की देन है। भारत द्वारा प्राचीनकाल में विकसित शून्य की अवधारणा के स्पष्ट प्रमाण ग्वालियर दुर्ग स्थित चतुर्भुज मंदिर में देखे जा सकते हैं।

सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग सामाजिक न्याय के साधन के रूप में हो ङ्क राज्यपाल श्री पटेल

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि कल्याणकारी राज्य में वही प्रौद्योगिकी सफल है, जिसका उपयोग सामाजिक न्याय के एक साधन के रूप में हो सके। समग्र विकास के लिये जरूरी है कि स्मार्ट उपकरण और प्रणालियाँ सामान्य लोगों की पहुँच में हों। राज्यपाल ने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि नवाचारों के माध्यम से नागरिकों के कल्याण और विकास के नए समाधान प्रस्तुत करने के लिये तत्परता से कार्य करें। सूचना प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ के रूप में युवाओं से देश और समाज को बहुत आशाएँ हैं। राष्ट्र का कल्याण युवाओं का लक्ष्य होना चाहिए। आप सबने प?ाई के दौरान जो सामाजिक कौशल और तकनीक ज्ञान हासिल किया है उसका उपयोग पिछ? और वंचित लोगों के जीवन में सुधार लाने के लिये करें। अपनी मेधा का उपयोग दिव्यांग लोगों, सीनियर सिटीजन तथा अन्य जरूरतमंद लोगों की सहायता में अवश्य करें।

कांकेर में खुला छग का पहला सरकारी इंग्लिश मिडियम कॉलेज

- प्रदेश में खुलेंगे 10 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श कॉलेज

रायपुर/कांकेर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गुरूवार को कांकेर में प्रदेश के प्रथम स्वामी आत्मानंद अंगेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय का वर्चुअल लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अंग्रेजी माध्यम से जो बच्चे हायर सेकेण्डरी स्कूलों से पढ़कर निकलेंगे, वे स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालयों में आगे भी इसी माध्यम से पढ़ाई जारी रख सकेंगे।

प्रदेश में अंग्रेजी माध्यम के 10 स्वामी आत्मानंद आदर्श महाविद्यालय खोले जा रहे हैं। इन्हीं में से पहले स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय का लोकार्पण आज कांकेर में हुआ। सीएम ने इस अवसर पर कहा कि मुझे खुशी है कि आज प्रदेश के प्रथम स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय का शुभारंभ कांकेर में हो रहा है। हमारा प्रयास है कि बस्तर में शिक्षा का उजियारा सभी तरफ फैले। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि रायपुर एनआईटी और सेंट्रल यूनिवर्सिटी बिलासपुर में चयनित कांकेर की छात्राएं गरीब परिवारों की हैं। बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है, आवश्यकता उन्हें अवसर प्रदान करने की है।

योजना काफी लोकप्रिय हुई

मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब परिवार के विद्यार्थी को भी अंग्रेजी माध्यम में उत्कृष्ट शिक्षा दिलाने के लिए वर्ष 2020 में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय की शुरुआत की गई। यह योजना प्रदेश में काफी लोकप्रिय हुई। भेंट मुलाकात के दौरान प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में स्वामी आत्मानंद विद्यालयों की मांग की जाती थी, जिसके आधार पर अनेक स्कूलों की शुरूआत हुई। प्रदेश में आज स्वामी आत्मानन्द योजना के अंतर्गत अंग्रेजी माध्यम के 377 और हिंदी माध्यम के 350 स्कूल संचालित हो रहे हैं।

शिक्षकों की भर्ती जारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूलों में पिछले साढ़े चार सालों में 26 हजार 989 शिक्षकों की भर्तियां निकाली गई हैं। पहले 14 हजार 500 शिक्षकों की भर्तियां निकाली गई थी, इनमें से 10 हजार 834 शिक्षकों को स्कूलों में नियुक्तियां दी जा चुकी है। हाल ही में 12 हजार 489 शिक्षकों की और भर्तियां निकाली है, जोकि प्रक्रिया में है। उन्होंने कहा कि बस्तर संभाग के सभी जिलों में शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में प्राथमिकता के साथ काम किया गया है। बस्तर संभाग के 314 बंद स्कूलों को पुनः खोला गया।

रायपुर से होकर गुजरने वाली कई यात्री ट्रेनें 18 तक रद्द

रायपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले राजनांदगांव-कलमना रेलवे स्टेशन के मध्य तीसरी लाईन बिछाने और नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते रायपुर से होकर गुजरने वाली कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। रेलवे सूत्रों ने बताया कि रेलवे बोर्ड ने कंस्ट्रक्शन वर्क के चलते रायपुर मंडल से गुजरने वाली कई ट्रेनों के परिचालन को रद्द करने के फैसला लिया है। इसमें दुर्ग से चलकर भोपाल को जाने वाली अमरकंटक एक्सप्रेस सहित कोरबा इतवारी, बिलासपुर इतवारी टाटा नागपुर इतवारी एक्सप्रेस सहित मेमू ट्रेनों को अलग-अलग डेट पर रद्द किया जा रहा है। रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर रेल मंडल में राजनांदगांव-कलमना के बीच तीसरी रेल लाइन का नॉन इंटरलॉकिंग किया जा रहा है। जिसे आज से 17 जुलाई तक किया जाना है। इसके के चलते रायपुर मंडल से गुजरने वाली कई ट्रेनें प्रभावित होंगी। ट्रेन नंबर 12853 दुर्ग से भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस आज रद्द रहेगी। वही 14 जुलाई को ट्रेन नंबर 12854 भोपाल दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

इन यात्री ट्रेनों को किया गया रद्द

ट्रेन नंबर 18239 कोरबा इतवारी एक्सप्रेस, कोरबा से 13 से 17 जुलाई तक रद्द रहेगी, ट्रेन नंबर 18240 इतवारी बिलासपुर एक्सप्रेस, इतवारी 13 से 18 जुलाई तक रद्द रहेगी, ट्रेन वंबर 12855 बिलासपुर इतवारी एक्सप्रेस, बिलासपुर से 13 से 18 जुलाई तक रद्द रहेगी, ट्रेन नंबर 12856 इतवारी बिलासपुर एक्सप्रेस, इतवारी से 14 से 18 जुलाई तक रद्द रहेगी, ट्रेन नंबर 18109 टाटा नगर इतवारी एक्सप्रेस, टाटानगर से 13 से 16 जुलाई तक रद्द रहेगी, ट्रेन नंबर 18110 इतवारी टाटानगर एक्सप्रेस, 14 से 17 जुलाई 2023 तक रद्द रहेगी, ट्रेन नंबर 08724 गोंदिया रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल, गोंदिया से 16 जुलाई को रद्द रहेगी, ट्रेन नंबर 08721 रायपुर डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल, रायपुर से 15 जुलाई को रद्द रहेगी।

मकान खाली करने पर विवाद युवक से मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। शांति विहार कालोनी डगनिया में मकान खाली कराने की बात को लेकर चार युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी भोजराम श्रीवास 43 वर्ष शांति विहार कालोनी डगनिया का रहने वाला है। आरोपी भूपेन्द्र कन्नौजे, गुलशन व अन्य ने मकान खाली कराने की विवाद पर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

18 पाव देशी शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजेन्द्र नगर व सरस्वती नगर पुलिस की टीम ने अवैध शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 18 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं दोनों के पास से बिक्री रकम 570 रुपए जब्त किए है। राजेन्द्र नगर पुलिस ने वीवाय अस्पताल के पास आरोपी सोनू मिश्रा 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 15 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 300 रुपए जब्त किया है। इसी तरह सरस्वती नगर पुलिस ने आमानाका ओव्हरब्रीज के पास आरोपी उत्तम चक्रवर्ती 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 3 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 270 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

अलग-अलग क्षेत्रों से दो नग मोबाइल पार

रायपुर/नवप्रदेश। दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से अज्ञात चोर ने मोबाइल पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। सांकरा निवासी 16 वर्षीय प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि बीती रात अज्ञात चोर ने प्रार्थी के घर में छत पर सोते समय बिस्तर पर रखे वीवो मोबाइल पार कर दिया। चोरी गए मोबाइल की कीमत 12 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। इसी तरह गंज थाना में प्रार्थी भरत ध्रुव 41 वर्ष निवासी फाफाडीह ने शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के घर के खुले दरवाजे से प्रवेश कर कमरे में रखे ओप्पो मोबाइल पार कर दिया। चोरी गए मोबाइल की कीमत करीब 11 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गंज पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

4 करोड़ से अधिक की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। कोटेक महेन्द्रा बैंक कार्यालय के मार्केटिंग एजेंटट ने 15 लोनियों से सांठ-गांठ कर लाभ पहुंचाने के नियत से 4 करोड़ से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। प्रार्थी राजेश राठौर कोटेक महेन्द्रा बैंक कार्यालय सिटी प्लाजा जीई रोड में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। बताया जाता है कि आरोपी अनिल सिंह भदोरिया व दिलीप सिंह ने बैंक में डायरेक्टर व मार्केटिंग एजेंट के पद पर कार्यरत रहने के दौरान 15 लोनियों से सांठ-गांठ कर उन्हें लाभ पहुंचाने के नियत से प्रत्येक लोनियों का फर्जी दस्तावेज तैयार कर 4 करोड़ 16 लाख 79 हजार 514 रुपए का लोन प्रदान कर धोखाधड़ी किया।

पार्किंग में खड़ी मोपेड पार

रायपुर/नवप्रदेश। हिमालयन हाईट के पार्किंग में खड़ी सुजूकी एक्सेस को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी सागर गुरलानी 30 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी सुजूकी एक्सेस क्रमांक सीजी 04 केजेड 6949 को हिमालयन हाईट के पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए मोपेड की कीमत 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

हड़ताल में शामिल अफसर कर्मीयों को तत्काल लौटने का आदेश

- अनुशासनात्मक कार्यवाही की चेतावनी
- मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जारी किया पत्र

रायपुर/नवप्रदेश। जिले के नेशनल हेल्थ मिशन और नेशनल अर्बन हेल्थ मिशन संघ के हड़ताल में शामिल विभिन्न अधिकारी-कर्मचारी को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा पत्र जारी कर तत्काल कार्य में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। उन अधिकारी-कर्मचारी के कार्य में उपस्थित नही होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई है।

जारी पत्र के अनुसार एन.एच.एम एवं एन.यू.एच.एम. संघ छत्तीसगढ़ के आव्हान पर जिले के एन.एच.एम एवं एन.यू.एच.एम. के अधिकारी-कर्मचारी के हडताल में शामिल होने की सूचना प्राप्त हुई थी। साथ ही एन.यू.एच.एम. के स्थानीय कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी की 03 जुलाई से हड़ताल में शामिल है।

छत्तीसगढ़ शासन के 11 जुलाई 2023 को जारी आदेश के अनुसार इनके कार्य सीधे सामान्य जन के स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़े है, यदि इनके हड़ताल पर जाने से कोई असुविधा होती है, तो संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिसके जिम्मेदार वे स्वयं होंगे। हड़ताल में शामिल अधिकारी-कर्मचारी को तत्काल उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।

गौठानों का किया निरीक्षण

- आवारा पशुओं के रहने और अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा ने शहर के धरसींवा विकासखंड के गौठान दतरेंगा, धनेली, भटगांव स्थित गौठानों का निरीक्षण किया। उन्होंने गौठानों में व्यवस्थाओं की जानकारी ली। शर्मा ने रायपुर शहर के आसपास विचरण करने वाले आवारा पशुओं को रखने के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि इन तीनों गौठानों में आवारा पशुओं के रहने, खाने और पीने का पानी का उत्तम प्रबंध करें। इस संबंध में एक सप्ताह के भीतर आवश्यक कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा तथा विभिन्न अधिकारीगण उपस्थित थे।

रौतिया समाज को अजजा में शामिल कराने 18 जुलाई को चक्काजाम

रायपुर/नवप्रदेश। रौतिया समाज के अध्यक्ष प्रताप सिंह प्रधान ने पत्रवार्ता में आरोप लगाया है कि सरकार रौतिया समाज को अनुसूचित जनजाति में शामिल कराने उदासीनता बरती रही है ।

जिसके विरोध में रौतिया समाज 18 जुलाई को चक्काजाम करेगी। छत्तीसगढ़ निर्माण के संकल्पना यहां निवासरत अनु.जनजातियों के सर्वागींण विकास के लिए किया गया था, लेकिन छग बनने के 23 वर्ष बाद भी आदिवासियों की समस्या जस की तस पड़ी हुई है। छग में 42 जनजाति समुदाय निवासरत है। जिसका हर समुदाय का अपना एक अलग रीति रिवाज, संस्कृति, बोली, भाषा, रहन-सहन, खान-पान, पहनावा सभी भिन्न -भिन्न है। फिर भी यो जनजाति समुदाय एक साथ भाई चारे के साथ निवासरत है, छग राज्य बनने के बाद कुछ जातियां जनजाति होने के बाद भी उसको सूची में शामिल नहीं किया गया। जिसके कारण 25 साल से आदिवासी होते हुए भी रौतिया समाज को जनजाति को मिलने वाले लाभ से वंचित है। रौतिया समाज ने 11 जून को महासम्मेलमन में प्रस्ताव पारित कर रौतिया समाज को जनजाति में शामिल करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को अग्रेषित नहीं करने से सैकड़ों लोग चक्काजाम जैसे आंदोलन करने बाध्य है। रौतिया समाज को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल कराने के लिए प्रतिवेदन शीघ्र भारत सरकार को भेजने के लिए 18 जुलाई को महाआंदोलन चक्काजाम जशपुर में करने का निर्णय लिया है।

8 लाख से अधिक की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। गोबरा नवापारा मकान एवं जमीन का सौदा तय कर 8 लाख 85 हजार रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अजय अवस्थी 48 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि उसने आरोपी विकाश जैन से मकान एवं जमीन 1050 वर्गफीट को खरीदने के लिए 45 लाख रुपए में सौदा तय किया और बयाना के तौर पर 8 लाख 85 हजार रुपए दे दिया। जिसके बाद आरोपी ने प्रार्थी को जमीन व मकान का बिक्री नहीं किया। प्रार्थी की शिकायत पर गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

जमीन का सौदा तय कर 5 लाख ठगी

ग्राम कुरा स्थित जमीन को 90 लाख 11 हजार रुपए में बिक्री करने का सौदा तय कर 5 लाख 51 हजार रुपए बयाना ले लिया और भूमि की बिक्री ना कर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर गोबरह्यानवापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी दानेश्वर साहू 38 वर्ष ग्राम पौंड का रहने वाला है।

पुरानी रंजिश को लेकर युवक की पिटाई

रायपुर/नवप्रदेश। बाजार चौक देवपुरी में पुरानी रंजिश के चलते दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी टिकाराम तांडे 30 वर्ष ग्राम देवरी का रहने वाला है। आरोपी रोहित साहू व एक अन्य ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

छग को मोदी सरकार ने दिया दो खेल अकादमी का उपहार

- साव व संतोष पांडे ने जताया मोदी सरकार का आभार

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा छत्तीसगढ़ को खेलो इंडिया की दो एकेडमी का उपहार देने के लिए कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि बहूत ही गर्व का विषय है कि बास्केटबॉल की नर्सरी राजनांदगांव में खेलो इंडिया की दो एकेडमी की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव एवं युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव को बास्केटबाल खेल की बालक एवं बालिकाओं की ऐक्रिडिएटेड एकेडमी बनाने की स्वीकृति भारत शासन ने प्रदान की है। इस एकेड़मी के लिए चयनित खिलाड़ियों पर भारत सरकार 6 लाख 28 हजार रुपये सालाना खर्च करेगी। मोदी सरकार की इस पहल से छत्तीसगढ़ की खेल प्रतिभाओं के वैश्विक स्तर पर उज्ज्वल भविष्य की संभावनाओं के द्वार खुल गए हैं। उन्होंने राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय को उनके प्रयास की सफलता पर बधाई देते हुए राज्य की खेल प्रतिभाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। साव ने आव्हान किया कि छत्तीसगढ़ की खेल प्रतिभाएं मोदी की मंशा के मुताबिक खेलो इंडिया के विराट अभियान का हिस्सा बनकर देश दुनिया में छत्तीसगढ़ महतारी का मान बढ़ाएं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को खेलों की दुनिया में वैश्विक मानचित्र में सम्मानजनक स्थान दिलाने के लिए अभूतपूर्व प्रयास किए हैं। उन्होंने हर टूर्नामेंट में खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया है। जो खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन करके विजेता बने, उनका सम्मान किया और जो सफलता से चूक गए, उन्हें सफलता के मंत्र दिए। जिसकी वजह से उन खिलाड़ियों ने आगे चलकर देश की उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश की। इसी का परिणाम है कि आज भारत के खिलाड़ी विश्व में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। दुनिया के बड़े-बड़े टूर्नामेंटों में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर खेलों के विकास और खिलाड़ियों की सुविधा, उनकी प्रतिभा के विकास के हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

संतोष पांडेय

भाटागांव शराब दुकान हटाने सत्याग्रह

रायपुर/नवप्रदेश। भाठागांव में संचालित देशी-विदेशी मदिरा दुकान रिहायशी क्षेत्र से हटाने की मांग करते हुए आज कांग्रेस नेता कन्हैया अग्रवाल के नेतृत्व में सत्याग्रह किया जा रहा है।

कांग्रेस नेता कन्हैया अग्रवाल ने बताया कि भाठागांव शराब दुकान के आसपास रिहायशी क्षेत्र है। इसके अलावा रिंग रोड जैसा प्रमुख मार्ग भी शराब दुकान के पास ही है। मदिराप्रेमी रोड के किनारे खड़े होकर ही शराब सेवन करते हैं। इससे आसपास का माहौल पूरी तरह से दूषित रहता है। इसके अलावा यहां असामाजिक तत्वों का भी आना-जाना रहता है। इससे यहां कई बार मारपीट की घटनाएं हो चुकी है। रिहायशी इलाके में शराब दुकान संचालित करना किसी भी स्थिति में सही नहीं कहा जा सकता। शराब सेवन के बाद नशे में वाहन चलाना, आम बात हो गई है और यही सड़क हादसों का कारण बनता है। इसके अलावा आसपास शैक्षणिक संस्थाने भी है। लिहाजा भाठागांव शराब दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित कराने के लिए सत्याग्रहण किया जा रहा है।

सीएम के युवा संवाद से तिलमिला रहे हैं भाजपाई

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के युवाओं से संवाद कार्यक्रम से युवाओं को धोखा देने वाले भाजपाई तिलमिला रहे हैं। भाजपा ने हमेशा युवाओं को गुमराह किया है धोखा दिया है बरगलाया है और दिशाहीन करने का प्रयास किया है भूपेश बघेल की सरकार युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा रोजगार की दिशा में अनेक काम किए हैं बीते साढ़े 4 साल में 5लाख युवाओं को रोजगार स्वरोजगार और सरकारी नौकरी के माध्यम से रोजगार दिया और आने वाले 5 वर्ष में रोजगार मिशन के माध्यम से 15लाख युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है प्रदेश के युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है साथ में कौशल विकास प्रशिक्षण के माध्यम से स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जा रहे हैं अभी वन विभाग शिक्षा विभाग स्वास्थ्य विभाग कृषि विभाग सहित हर विभाग में सरकारी नौकरी की भर्तियां चल रही है यही भाजपा के लिए पीड़ा का विषय है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा मोदी के 9 साल पूरा होने पर युवाओं से चर्चा करने गए थे युवाओं ने तवज्जो नहीं दिया इससे भाजपा को समझ में आ गया है कि मोदी का जुमला और भाजपा का झूठ नहीं चलने वाला है इसीलिए प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जिसे प्रदेश के युवा कका कहकर पुकारते हैं उनके युवा संवाद कार्यक्रम से भाजपा में हड़कंप मचा है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि युवा ही मोदी भाजपा का अहंकार तोड़ेंगे देश में बदलाव लाएंगे। पढ़ा लिखा युवा समझ रहे हैं कि जिस प्रकार से मोदी सरकार ने दो करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष देने के नाम से 9 साल से युवाओं को धोखा दिये। उसी तरह ही मोदी भाजपा ने किसानों की आमदनी दुगुनी का वादाकर पूरा नही किया।

'भेंट-मुलाकात नहीं, 'सेट-मुलाकात' कर रही कांग्रेस : ठोकने

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा शुरू किए गए युवाओं से सीधे संवाद के ताजा अभियान पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री बघेल अब भेंट-मुलाकात नहीं, 'सेट-मुलाकात' कर रहे हैं। श्री ठोकने ने कहा कि चुनावी सवाल में युवा मतदाताओं को साधने की कोशिश कर रहे मुख्यमंत्री बघेल को अब पौने पाँच साल का कार्यकाल बीत जाने के बाद युवाओं की याद आई है, लेकिन भेंट मुलाकात नाम पर सेट मुलाकात का मुख्यमंत्री बघेल का यह सियासी ड्रामा पूरी तरह फ्लॉप शो साबित होगा। श्री ठोकने युवाओं से अपील की है कि मुख्यमंत्री के इस 'सेट मुलाकात' में प्रदेश के युवा इन सारे मुद्दों पर मुख्यमंत्री बघेल से खुलकर चर्चा करें और युवाओं के भविष्य को दाँव पर लगाने वाले मुख्यमंत्री से सवाल पूछें। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री ठोकने ने कहा कि रोजगार मांगते युवाओं को भयावह कोरोना काल में आंदोलन के लिए विवश करने, न्याय व हक मांगने पर लाठियां बरसाने और बेरोजगारी भत्ते के नाम पर छल करने वाले मुख्यमंत्री बघेल को क्या यह पता है कि युवाओं के मन में उनकी छवि प्रदेश की राजनीति के खलनायक की बन चुकी है। श्री ठोकने ने कहा कि बेरोजगार युवाओं को साढ़े चार साल तक बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया गया। कुछ युवाओं को अब यह भत्ता दिया जा रहा है।

मौन सत्याग्रह पर साव का प्रहार

- पिछड़े वर्ग के जख्मों पर नमक छिड़क रहे हैं भूपेश बघेल : अरुण साव
- मौन सत्याग्रह न्यायपालिका की धज्जियां उड़ाने जैसा

रायपुर/नवप्रदेश। पिछड़ा वर्ग को अपमानित करने वाले राहुल गांधी को न्यायालय द्वारा सजा मिलने के बाद राहुल गांधी के समर्थन में कांग्रेस के सत्याग्रह पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि जिस व्यक्ति ने पिछड़े वर्ग को गाली दी, उसका उपहास उड़ाया अपमान किया, न्यायालय ने जिसे ना सिर्फदोषी ठहराया बल्कि सजा भी दी एवं दोबारा याचिका लगाने पर भी उसे रद्द किया ऐसे व्यक्ति के लिए मौन धारण कर प्रदर्शन करना व उसे सत्याग्रह का नाम देना पिछड़े वर्ग के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा कृत्य है।

कांग्रेस को पिछड़ा वर्ग इसके लिए कभी माफ नहीं करेगा। कांग्रेस पिछड़े वर्ग के साथ नहीं पिछड़े वर्ग को गाली देने वाले व्यक्ति के साथ खड़ी है। साव ने कहा कांग्रेस का जो रवैया है उससे यह पूर्णतः स्पष्ट है कि आज अगर केंद्र में कांग्रेस की सरकार रहती तो वह राहुल गांधी की चाटुकारिता के लिए शायद आपातकाल लगाने से भी नहीं चूकती जैसा कि इंदिरा गांधी के लिए लगाया गया था।

कांग्रेस देश के संविधान और न्यायपालिका में विश्वास नही रखती वह केवल एक परिवार को ही सब कुछ मानती है देश की जनता भी इनकी प्राथमिकता में नही है। साव ने कहा न्यायपालिका जिस पर सभी का भरोसा होता है आज कांग्रेस उसके खिलाफ, उसके फैसले के खिलाफ प्रदर्शन करने जा रही है यह देश के संविधान का मजाक उड़ाने जैसा है जनता अब यह मान रही है कि कांग्रेस गांधी परिवार के आगे देश के संविधान को भी नहीं मानती और न्यायपालिका की विश्वसनीयता को खंडित करने का कुंठित प्रयास करती है पूरे देश की जनता कांग्रेस का यह कृत्य देख रही है कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी।

फिल्म जवान का टीजर जारी



जवान का ट्रेलर आखिरकार अब रिलीज हो गया है। एटली द्वारा निर्देशित और रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित इस फिल्म में शाहरुख खान और नयनतारा मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म पहली बार नयनतारा के साथ शाहरुख खान के मिलन का प्रतीक है। और यह अंततः यहाँ है! काफी लंबे इंतजार के बाद आखिरकार निर्माताओं ने 10 जुलाई को शाहरुख खान की आने वाली फिल्म जवान का ट्रेलर जारी कर दिया। वे इसे प्रीव्यू कह रहे हैं। कहने की जरूरत नहीं है, यह काफी दिलचस्प लग रहा है।

पठान की ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद यह सुपरस्टार की दूसरी फिल्म है। एटली द्वारा निर्देशित यह फिल्म पहले 2 जून को रिलीज होने वाली थी, हालांकि, इसे सितंबर में रिलीज करने के लिए आगे बढ़ा दिया गया। इससे पहले एक ट्वीट में शाहरुख ने खबर साझा की थी कि जवान का प्रीव्यू 10 जुलाई 2023 को सुबह 10:30 बजे लॉन्च किया जाएगा। वादे के अनुरूप, यह अंततः यहाँ है! ट्रेलर में शाहरुख कहते हैं मैं कौन हूं? कौन नहीं। पता नहीं। मां को किया वादा हूं या अधूरा एक इरादा हूं। मैं अच्छा हूं, बुरा हूं, पुण्य हूं या पाप हूं - ये खुद से पूछना क्योंकि मैं भी आप हूँ। ट्रेलर में हम शाहरुख को जबरदस्त एक्शन सीन करते हुए देख रहे हैं। उनका लुक भी कुछ दिलचस्प है। लघु वीडियो में नयनतारा की एक झलक भी मिलती है। हम दीपिका पादुकोण को बारिश के नीचे लाल साड़ी में एक एक्शन सीन करते हुए भी देखते हैं। अंत में शाहरुख खान भी गंजे लुक में नजर आते हैं।

पूरा वीडियो एक्शन सीक्वेंस से भरा हुआ है। जवान एटली द्वारा लिखित और निर्देशित एक एक्शन थ्रिलर है। इसमें शाहरुख खान के साथ विजय सेतुपति, नयनतारा, सान्या मल्होत्रा और प्रियामणि हैं। यह फिल्म एक व्यावसायिक मनोरंजक फिल्म मानी जा रही है और इसमें अभिनेता को दोहरी भूमिका में दिखाया गया है - एक खुफिया अधिकारी और एक चोर। संगीत अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा रचित है। यह नयनतारा का भी हिंदी डेब्यू है। दीपिका पादुकोण अगस्त 2022 में चेन्नई में अपने कैमियो की शूटिंग के लिए कलाकारों में शामिल हुई। फिल्म की शूटिंग पुणे, मुंबई, हैदराबाद, चेन्नई, राजस्थान और औरंगाबाद में की गई थी। फिल्म के लिए संगीत रचना के लिए अनिरुद्ध रविचंदर को चुना गया, जो इस प्रकार बॉलीवुड में एकल संगीतकार के रूप में अपनी शुरुआत करेंगे। संगीत अधिकार टी-सीरीज़ को मिले।

शॉर्ट ड्रेस में भोजपुरी क्वीन नेहा मलिक ने दिखाई दिलकश अदाएं

भोजपुरी क्वीन नेहा मलिका आए दिन अपनी हॉट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस के दिलों पर राज करती हैं। उनका हर एक फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर आते ही छा जाता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट सेक्सी तस्वीरों से फैंस को बेकाबू कर दिया है। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस देख लोगों ने अपने लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देनी स्टार्ट कर दी है। एक्ट्रेस नेहा मलिक ने हाल ही में अपनी रिवीलिंग शॉर्ट ड्रेस में फोटोशूट करवाया है। उनकी ये तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही फैंस के बीच तेजी से वायरल होने लग गई हैं। हाल ही में एक्ट्रेस नेहा मलिक के लेटेस्ट लुक को देखकर सोशल मीडिया पर तहलका मच गया है। इन तस्वीरों में अभिनेत्री नेहा मलिक ने पिंक कलर की शॉर्ट ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो कातिलाना पोज देती हुई दिखाई दे रही हैं। नेहा मलिक ये बखूबी जानती हैं कि उन्हें लोगों के बीच कैसे लाइमलाइट चुराना है। हालांकि एक्ट्रेस अपना ये जलवा बरकरार रखने के लिए सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव भी रहती हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं सनग्लासेस लगाकर नेहा मलिक ने कार के पास खड़े होकर बेहद ही किलर पोज दिए हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिक अपनी कार की बोनट में बैठे हुए काफी स्टनिंग लुक्स देती हुई नजर आ रही हैं। फैंस भी उनके इस लुक को काफी लाइक कर रहे हैं।

फिल्म लेट्स गेट मैरिड का ट्रेलर रिलीज

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी पिछले कुछ वक्त से अपनी पहली फिल्म लेट्स गेट मैरिड को लेकर चर्चा में है। इसका निर्माण धोनी के होम प्रोडक्शन धोनी एंटरटेनमेंट तले किया जा रहा है। अब निर्माताओं ने लेट्स गेट मैरिड का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसे सोशल मीडिया पर भरपूर प्यार मिल रहा है। फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी रमेश थमिलमणि ने संभाली है।

लेट्स गेट मैरिड में नादिया, हरीश कल्याण और अभिनेत्री इवाना जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे, वहीं योगी बाबू भी इसका हिस्सा हैं। यह एक तमिल फिल्म होगी। गौरतलब है कि अक्टूबर, 2022 में धोनी ने अपने प्रोडक्शन हाउस का ऐलान किया था। इसी के साथ उन्होंने अपनी पहली तमिल फिल्म लेट्स गेट मैरिड की भी घोषणा की थी। बता दें, इस फिल्म के प्रोडक्शन का काम धोनी की पत्नी साक्षी रावत संभाल रही हैं। फिल्म में की कहानी ऐसे कपल्स के ईर्द गिर्द घूमती है, जो एक दूसरे से शादी करना चाहते हैं, लेकिन शादी तक पहुंचने के लिए उन्हें काफी दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं. म्यूजिक डायरेक्टर रमेश तमिलमणि बतौर डायरेक्टर डेब्यू कर रहे हैं. फिल्म को इसी साल जुलाई में रिलीज करने की चर्चा है. वहीं, अब फैंस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हो गए हैं और बेसब्री से इसके रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं।

कौन बनेगा करोड़पति 15' का नया प्रोमो जारी

मुंबई (एजेंसी)। कौन बनेगा करोड़पति' के 15वें सीजन के कैंपेन प्रोमो ने सबका मन मोह लिया है। बदल रहा है देश, बदल रहा है कौन बनेगा करोड़पति! इस दिलचस्प वीडियो में होस्ट बॉलीवुड़ के महानायक अमिताभ बच्चन ने अपने काव्यात्मक अंदाज से पूरे देश को मंत्रमुग्ध कर दिया है। उनकी काव्यात्मक शैली में बोले गए प्रोमो के डायलॉग्स को रोहन-विनायक के अपबीट म्यूजिक पर सेट किया गया है, जिसके अंत में अमिताभ बच्चन इस रियलिटी क्विज शो की मशहूर धुन गुनगुनाते हैं। केबीसी के फैंस के दिलों में गूंजती अमिताभ बच्चन की दमदार आवाज उस बदलाव के हिसाब से इस शो के ताजातरीन अवतार की झलक दिखाती है, जिसे इस देश और इसके लोगों ने अपनाया है। अमिताभ बच्चन के फैंस रोहन और विनायक ने इससे पहले पिंक, सरकार 3 और 102 नॉट आउट जैसी फिल्मों में संगीत दिया है। और अब उन्होंने 'कौन बनेगा करोड़पति' की आइकॉनिक थीम ट्यून में एक नई जान फूंक दी है। हालांकि इस आइकॉनिक थीम को गुनगुनाने के लिए इस्तेमाल की गई सर बच्चन की आवाज पूरे देश पर छा गई है। इस धुन के पीछे के आइडिया और इसे बनाने के बारे में बताते हुए रोहन ने कहा, केबीसी 15 की धुन हमारे दिलों दिमाग में बसी हुई है और इस शो के लिए भी अनोखी है। इस धुन में अमिताभ बच्चन की आवाज के इस्तेमाल के पीछे हमारी सोच यह थी कि होस्ट और यह धुन, दोनों ही इस शो की पहचान है, और दर्शकों को नए सीजन् में आमंत्रित करने के लिए इन दोनों का ही इस्तेमाल करना हमें बिल्कुल सही लगा। विनायक ने भी इसी तरह के विचार साझा करते हुए कहा, हम बचपन से ही महानायक के फैंस रहे हैं और उनके साथ पहले भी काम कर चुके हैं, इसलिए हम जानते थे कि उनकी आवाज में वो जोश और वो जुंबिश है, जो पूरे देश को जोड़ती है। इसलिए बहुत सोच-विचार के बाद रोहन और मेरे मन में यह ख्याल आया कि इस शो के चेहरे को इस वीडियो की आवाज भी बनाई जाए। इस मेगास्टार की गहरी दमदार आवाज़ इस प्रोमो में उनकी म्यूज़िकल डिलीवरी से बखूबी तालमेल बनाती है, जिसमें उनका कथन - 'नए अरमान, नई मुस्कान, नए आसमान लिए', कौन बनेगा करोड़पति 15 के लिए मंच तैयार करता है, जो जल्द ही एक नए रूप में दर्शकों के सामने होगा। ज्यादा जानने के लिए बने रहिए, इसी जगह पर।

जीएसटी परिषद की 50वीं बैठक, कैंसर की दवाइयों पर घट सकता हैं टैक्स

नई दिल्ली। जीएसटी परिषद की 50वीं बैठक नई दिल्ली में होगी. उम्मीद जतायी जा रही हैं कि इसमें ऑनलाइन गेमिंग पर कराधान, उपयोगी वाहनों की परिभाषा, पंजीकरण और इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा करने के नियमों को सख्त करने पर विचार किया जा सकता है.

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में होने वाली जीएसटी परिषद की बैठक में सिनेमाघारों में परोसे जाने वाले खाद्य एवं पेय पदार्थों और कैंसर के इलाज में उपयोगी दवा के आयात पर छूट दी जा सकती है. ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ पर 28 फीसदी जीएसटी देना पड़ सकता है.

जीएसटी परिषद के मंत्रियों का समूह (जीओएम) इन पर 28 फीसदी जीएसटी लगाने पर सहमत हो गया है. हालांकि ऑनलाइन गेमिंग पर कर की दर को लेकर गोवा असहमत है. राज्य ने इस पर 18 फीसदी जीएसटी लगाने का सुझाव दिया है. ताकि युवाओं के आकर्षण को कम किया जा सके. फिटमेंट समिति ने कहा, सिनेमाघरों में परोसे जाने वाले भोजन व पेय पदार्थों पर 5 फीसदी कर लगाया जाए न कि 18 फीसदी, जैसा कुछ मल्टीप्लेक्स में किया जा रहा है. वहीं जीएसटी परिषद कैंसर के इलाज में उपयोगी व्यक्तिगत रूप से आयातित दवा डिनुटूक्सिमैब पर कर में छूट दे सकती है. वर्तमान में ऐसे आयात पर 5 या 12 फीसदी आईजीएसटी लगता है. फिटमेंट समिति ने सुझाव दिया है कि जिस दवा की लागत 36 लाख रुपये है, उसे जीएसटी से छूट दी जानी चाहिए।

ग्लोबल मार्केट में तेजी के संकेत

नई दिल्ली। लगातार तीन कारोबारी दिन तक गिरावट का सामना करने के बाद ग्लोबल मार्केट से आज मजबूती के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले कारोबारी सत्र के दौरान बढ़त के साथ बंद हुए। इसी तरह यूरोपीय बाजार के तीनों सूचकांक भी ग्रीन जोन में बंद होने में सफल रहे। एशियाई बाजारों में भी आज लगातार खरीदारी होती नजर आ रही है।

पिछले कारोबारी सत्र के दौरान वॉल स्ट्रीट में उत्साह का माहौल नजर आया। डाओ जोंस 209.52 अंक यानी 0.62 प्रतिशत की मजबूती के साथ 33,944.40 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 4,409.53 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 0.18 प्रतिशत चढ़कर 13,685.48 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

जानकारों का मानना है कि पिछले कारोबारी सत्र के दौरान वॉल स्ट्रीट में उत्साह का माहौल जरूर रहा, लेकिन निवेशक अभी भी ब्याज दरों को लेकर आशंकित हैं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व (यूएस फेड) की अगली बैठक 25 और 26 जुलाई को होने वाली है, जिसमें ब्याज दरों पर फैसला किया जाएगा। यूएस फेड की ओर से पहले ही ब्याज दरों में बढ़ोतरी करने का संकेत दिया जा चुका है। इसलिए निवेशक सतर्क होकर कारोबार कर रहे हैं। कल ही अमेरिका में महंगाई के आंकड़े आने वाले हैं। वॉल स्ट्रीट की नजर महंगाई के आंकड़ों पर भी रहेगी। इसलिए पिछले कारोबारी सत्र में भले ही वॉल स्ट्रीट के तीनों सूचकांकों ने ग्रीन जोन में अपना कारोबार खत्म किया, लेकिन आने वाले दिनों में अमेरिकी बाजार में उतार-चढ़ाव की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

यूरोपीय बाजार भी पिछले कारोबारी सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.23 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,273.79 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स में 0.45 प्रतिशत की छलांग लगाकर 7,143.69 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ 15,673.16 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में भी आज सुबह से ही मजबूती नजर आ रही है। एशिया के सभी 9 बाजारों के सूचकांक बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रहे हैं। गिफ्ट निफ्टी 0.23 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,501 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 6.33 प्रतिशत मजबूत होकर 32,297.21 अंक तक पहुंच गया है। हैंग सेंग इंडेक्स 291.93 अंक यानी 1.58 प्रतिशत उछलकर 18,771.65 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं ताइवान वेटेड इंडेक्स भी अभी तक के कारोबार में 227.43 अंक यानी 1.37 प्रतिशत की तेजी के साथ 16,880.23 अंक के स्तर तक पहुंच गया है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 1.39 प्रतिशत की मजबूती के साथ 2,555.67 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.12 प्रतिशत मजबूत होकर 3,153.03 अंक के स्तर पर, सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,503.71 अंक के स्तर पर, जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.61 प्रतिशत उछलकर 6,771.91 और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.48 प्रतिशत की मजबूती के साथ 3,219.20 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

शेयर बाजार के कारोबार में बढ़त दर्ज, सेंसेक्स 65500 के पार

मुबंई। घरेलू शेयर बाजार शुरुआती कारोबार में आज तेजी के साथ खुला. इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी में एक बड़ी उछाल देखी गई. सेंसेक्स में 65500 के ऊपर कारोबार खुला है और निफ्टी में 19499 के पार के स्तर दिखाई दे रहे हैं. कारोबार में बीएसई का सेंसेक्स 254.48 अंक यानी 0.39 फीसदी की ऊंचाई के साथ 65,598.65 के लेवल पर खुलने में कामयाब हुआ है. वहीं इसके अलावा एनएसई का निफ्टी 71.20 अंक यानी 0.37 फीसदी की बढ़त के साथ 19,427.10 पर पहुंच गया। सेंसेक्स के 30 में से 25 शेयरों में बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं और 5 शेयरों में गिरावट के साथ कारोबार चल रहा है. इसके अलावा निफ्टी के 50 में से 40 शेयरों में तेजी देखी जा रही है जबकि 9 शेयरों में गिरावट है. और एक शेयर बिना किसी बदलाव के साथ कारोबार कर रहा है। बजाज फाइनेंस 1.72 फीसदी और बजाज फिनसर्व 1.66 फीसदी चढ़कर कारोबार कर रहे हैं. मारुति का शेयर 1.26 फीसदी और एशियन पेंट्स 1.23 ऊपर हैं. एमएंडएम 1.15 फीसदी और टाटा मोटर्स 0.91 फीसदी की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे हैं. इन टॉप गेनर्स के अलावा एलएंडटी, इंफोसिस, नेस्ले, सन फार्मा, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा मोटर्स, एचयूएल, आईटीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाइटन, भारती एयरटेल, पावरग्रिड, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईसीआईसीआई बैंक और टीसीएस के शेयरों में बढ़त का हरा निशान देखने को मिला।

रोहित शर्मा और यशस्वी ने बनाया रिकॉर्ड

स्टइंडीज और भारत के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच डोमिनिका में खेला जा रहा है। इस मुकाबले के पहले दिन टीम इंडिया ने अपना दबदबा कायम कर लिया। इस मैच में भारतीय ओपनर ने 40 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। मुंबई के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया।

रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने टेस्ट क्रिकेट में भारत का 40 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। दरअसल, इस मैच में ओपनिंग करने वाले दोनों सलामी बल्लेबाज रोहित और यशस्वी मुंबई के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलते हैं। भारतीय क्रिकेट में इससे पहले 1983 में हुआ था। वर्ष 1983 में रवि शास्त्री और सुनील गावस्कर ने ये कारनामा किया था। यह टेस्ट मुकाबला कराची में खेला गया था। शास्त्री और गावस्कर ने मुंबई के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेला है। अब रोहित और यशस्वी ने चार दशक का इतिहास दोहराया है। वेस्टइंडीज के खिलाफ इस पहले मैच में भारत के लिए 4 खिलाड़ी खेल रहे हैं। जिनमें रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, अजिंक्य रहाणे और शार्दुल ठाकुर शामिल हैं। भारत मजबूत स्थिति में मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज 150 रन पर सिमट गई। टीम के लिए आर अश्विन ने 5 विकेट लिए। जवाब में भारतीय टीम ने दिन की समाप्ति तक बिना विकेट खोए 80 रन बना लिए हैं। रोहित (30*) और यशस्वी (40*) रन बनाकर लौटे।

रविचंद्रन अश्विन ने बिखेरा जलवा

भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट के पहले दिन रविचंद्रन अश्विन का जलवा देखने को मिला। आर. अश्विन की फिरकी में इंडीज के बल्लेबाज ऐसे उलझे कि पूरी टीम 150 रन पर ऑलआउट हो गई। अश्विन ने रिकॉर्डतोड़ गेंदबाजी की।ऐसे चला अश्विन का जादू पारी के 13वें ओवर में अश्विन ने तेगनारायण को बोल्ड कर टीम को पहली सफलता दिलाई। तेगनारायण के बाद अश्विन ने कप्तान ब्रेथवेट को पवेलियन भेजा। फिर अल्जारी जोसेफ और फिर अथानाजे को आउट कर 700 अंतरराष्ट्रीय विकेट पूरे किए। यह कारनामा करने वाले वे भारत के तीसरे गेंदबाज बन गए। इस तरह अश्विन टेस्ट में पिता और पुत्र को आउट करने वाले पहले भारतीय गेंदबाज भी बन गए। अश्विन ने 2011 में तेगनारायण के पिता शिवनारायण चंद्रपाल को भी आउट किया था। वह ये कारनामा करने वाले विश्व के पांचवें गेंदबाज हैं। उनसे पहले वसीम अकरम, इयान बाथम, मिशेल स्टार्क और साइमन हार्मर टेस्ट में पिता व पुत्र को आउट कर चुके हैं।

कच्चा तेल 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 79 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई फेरबदल नहीं किया है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक मंगलवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये, डीजल 94.24 रुपये, नोएडा में पेट्रोल 96.92 रुपये, डीजल 90.08 रुपये, गाजियाबाद में पेट्रोल 96.90 रुपये, डीजल 89.75 रुपये, लखनऊ में पेट्रोल 96.48 रुपये, डीजल 89.67 रुपये, पटना में पेट्रोल 107.59 रुपये, डीजल 94.36 रुपये, पोर्ट ब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपये और डीजल 79.74 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.42 डॉलर यानी 0.54 फीसदी की बढ़त के साथ 78.11 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.46 डॉलर यानी 0.63 फीसदी की बढ़त के साथ 73.45 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

हनीट्रैप में फंसा बिजनेसमैन का बेटा, पत्रकारों समेत 6 लोगों पर मामला दर्ज

मंडला/नवप्रदेश। आदिवासी बाहुल्य जिला मंडला में हनीट्रैप का एक मामला सामने आया है। जिले के एक प्रतिष्ठित व्यापारी के बेटे को फसाने के आरोप में लाखों की फिरौती मांगने वाले 6 लोगों पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। 6 आरोपियों में दो महिला सहित चार पुरुष शामिल है। पुलिस ने शिकायतकर्ता व्यापारी की रिपोर्ट पर पत्रकार अशफाक खान, पत्रकार दीप्ती कौर और सज्जाद अली उर्फ राजा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस घटना के बाद आरोपी पत्रकार असगर कुरैशी, रोहित चंद्रौल उर्फ जैकी और सतना जिले की सजरुन उर्फ रौनक खान फरार है। आदिवासी बाहुल्य मंडला जैसे जिले में हनी ट्रैप की घटना सामने आने के बाद भोपाल में हुए हनी ट्रैप घटना की यादें ताजा हो गई है। मंडला जिले के कोतवाली थाना प्रभारी यशवंत सिंह राजपूत ने बताया कि शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी और अल मदीना मॉल के संचालक सिदिक अहमद ने 11 जुलाई को कोतवाली थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि रोहित चंद्रौल उर्फ जैकी और उसके साथी उनसे 20 लाख रुपए की मांग कर रहे हैं। रकम ने देने पर जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। शिकायतकर्ता ने इस संबंध में पुलिस को ब्लैकमेलिंग और जान से मारने संबंधी साक्ष्य भी उपलब्ध कराए। पुलिस ने मामले को

जांच में लेने के बाद मंडला में रहने वाले पत्रकार अशफाक खान, पत्रकार दीप्ती कौर और सज्जाद अली को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी 6 आरोपियों पर धारा 384,386,388,120 बी आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया है।

क्या है मामला

दरअसल, न्यू भारत जनरल स्टोर्स के मालिक सिदिक अहमद ने थाने में शिकायत देकर कहा कि उनका बेटा दानिश दुकान चलाता है। दुकान में काम करने वाले विकास पटेल के माध्यम से आरोपी रोहित चंद्रौल की उससे दोस्ती हो गयी थी। आरोपी चंद्रौल दानिश को अपने मोबाइल पर लड़कियों की तस्वीरें दिखाता था और लड़कियों से मिलवाने की बात करता था। दानिश रोहित की बातों को नजरअंदाज कर मना कर देता था। एक बार आरोपी रोहित ने दानिश को बहाने से एक स्थान पर बुलाया। दानिश जब वंहा पंहुचा तो देखा की रोहित के साथ पहले से ही एक युवती थी, जिसका नाम रौनक खान उर्फ साजरन था। रोहित ने दानिश से उसका परिचय कराया, व्यापार की बात न होने के कारण दानिश वंहा से चला गया। रोहित और साजरन लगातार दानिश के संपर्क में थे। एक दिन रोहित ने दानिश की मुलाकात सौम्या खान उर्फ सुभद्रा साकेत नाम की लड़की से कराई। दानिश और सौम्या को एक कमरे में बैठाकर रोहित ने छुपकर दोनों के वीडियो बना लिए। वीडियो को दिखाकर रोहित, दानिश से रुपयों की मांग करने लगा। बदनामी के डर से दानिश ने अपने दुकान में काम करने वाले कर्मचारी के बैंक से रोहित और सुभद्रा साकेत के खाते में ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद आरोपी रोहित और सुभद्रा आए दिन दानिश से रुपयों की मांग करने लगे। रुपए ने देने पर बलात्कार के आरोप में फसाने की धमकी देने लगे।

इसके बाद आरोपी रोहित चंद्रौल, पत्रकार अशफाक खान, सज्जाद अली उर्फ राजा, पत्रकार दीप्ती कौर, पत्रकार असगर कुरैशी, रौनक खान उर्फ साजरन के प्रकरण में एक दिन दानिश के पास आए। आरोपी दानिश से साजरन प्रकरण में समझौता करने के नाम पर 20 लाख रुपये की मांग करने लगे। रुपये न देने पर बलात्कार का केस दर्ज करने और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने लगे।

संक्षिप्त समाचार

नर्सेस की हड़ताल का चौथा दिन: सरकार की सद्बुद्धि के लिए किया यज्ञ

जबलपुर/नवप्रदेश। 10 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश भर की नर्सें अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। आज नर्सों की हड़ताल का चौथा दिन है। नर्सों के हड़ताल पर जाने के बाद मरीज और उनके परिजन परेशान हो रहें है। जबलपुर नेता जी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कालेज़ में आज हड़ताल पर बैठे नर्सों ने सरकार को सद्बुद्धि के लिए यज्ञ किया, इस दौरान सैकड़ों नर्सें इस यज्ञ में शामिल हुई। हड़ताल पर गई नर्सों ने चेतावनी दी है कि अगर इतना सब होने के बाद भी सरकार ने हमारी मांगों पर विचार नही किया तो और भी उग्र आंदोलन होगा।

मांगे पूरी ना होंने पर चुनाव में सपोर्ट ना करने की दी धमकी

जबलपुर नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कालेज़, सुपर स्पेशलिस्ट कैंसर वार्ड सहित करीब 700 नर्सें है जो कि हड़ताल पर चली गई है। इसके अलावा जिला अस्पताल और एल्गिन अस्पताल में करीब साड़े तीन सौ नर्स है जो कि चार दिनों से काम बंद कर दी है, ऐसे में मरीजों की जान संविदा और प्राइवेट नर्सों के हवाले है। नर्सों के हड़ताल पर जाने से न्यूरो, आर्थो, सर्जरी के ऑपरेशन टल गए है, जबकि डिलेवरी भी प्रभावित हो रही है, लिहाजा ऐसे में मरीज प्राइवेट अस्पतालों का रुख कर रहें है। जिला अध्यक्ष नर्स एसोसिएशन मोनिका प्रजापति का कहना है कि हम अपने हको के लिए अपनी मांगों के लिए लंबे समय से सरकार से बात कर रहें है पर हमें हर बार आश्वाशन मिलता है, पर मांगों पर विचार नही होता। इसलिए अब आर-पार की लड़ाई लड़ने का मन बना लिया है।

नर्सिंग आफ़िसर एसोसिएशन की जिला उपाध्यक्ष गीता कुशवाहा का कहना है कि आज हमने अपने सीएम साहब की सद्बुद्धि के लिए यज्ञ किया है। उनका कहना है कि सीएम साहब अपनी बहनों के लिए नई-नई योजनाएं ला रहें है पर हमारे लिए कुछ नही किया। कोरोना काल में सीएम ने कहा था कि 10000 रुपए अनुदान राशि देंगे पर वह नही मिली। हड़ताल पर बैठी नर्सों का कहना है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह एक तरफ लाड़ली बहना योजना चला रहें, भांजियों को योजनाओं का लाभ दे रहें है, पर हमारी तरफ उनका ध्यान नही जा रहा है। मांगों को लेकर नर्सों का कहना है कि अगर हमारी बातों पर ध्यान नही दिया तो इस बार हम उनको चुनाव में साथ नही देंगे।

जल्द न हुई झमाझम वर्षा तो सैलानियों को करना पड़ेगा बरगी बांध के गेट खुलने का इंतजार

जबलपुर/नवप्रदेश। जबलपुर जिले सहित बरगी बांध के जलग्रहण क्षेत्र में वर्षा का सिलसिला थम सा गया है। कहीं-कहीं ही हलकी-फुल्की वर्षा हो रही है। बांध में पानी की आवक बहुत धीमी हो चुकी है। इस वजह से बांध के जलद्वार जल्द खोले जाने की संभावना घट गई है। डैम के गेट खुलने में देरी से उन लोगों का इंतजार लंबा हो सकता है, जो डैम से पानी छोड़े जाने का दीदार करना चाहते हैं। दरअसल प्रतिवर्ष हजारों पर्यटक और सैलानी वर्षाकाल के दौरान बांध के द्वार खुलने का नजारा देखने बरगी पहुंचते हैं। वहीं बताया जा रहा है कि अगर झमाझम वर्षा मंडला, डिंडौरी और बरगी बांध के जल भराव क्षेत्र में होती है तो बांध के द्वार खोले जाने की संभावना जल्द होगी।

अब तक कई बार लगी अटकलें

प्रतिवर्ष जुलाई महीने के मध्य तक बरगी बांध के जलद्वारों को खोलने की स्थिति निर्मित हो जाती थी। इस वर्ष भी जून महीने के तीसरे सप्ताह से शुरू हुई बरसात से लोगों में डैम के आस-पास सैर सपाटे की उम्मीद जागी। इसी बीच बांध प्रबंधन की ओर से भी लोगों को अवगत कराया गया कि जल्द बांध से पानी छोड़े जाने की स्थिति निर्मित हो सकती है। इसके बाद से ही लोगों को उम्मीद रही कि 15 जुलाई के आस-पास डैम के द्वार खुल सकते हैं। लेकिन, मंडला-डिंडोरी और जबलपुर जिले के ऊपरी और बांध के जलभराव वाले क्षेत्रों में वर्षा थम जाने से बांध के गेट जल्द खोले जाने की संभावनाएं फिलहाल थम गई हैं।

ऐसा बना है बांध का जलस्तर

बांध के जलस्तर में धीमी रफ्तार से ही सही पर लगातार इजाफा हो रहा है। 420 मीटर के आस-पास जलस्तर पहुंचने पर गेट खोल जाने की संभावना रहती है। फिलहाल बांध का जलस्तर 417.7 मीटर है। पानी की आवक 570 क्यूमेक है, जबकि बांध से पावर हाउस द्वारा 202 क्यूमेक पानी छोड़ा जा रहा है। बांध में पानी आने और जल-निकासी की मात्रा से बांध के गेट खोले जाने की संभावना फिलहाल दूर की बात लगती है।

शुक्रवार को फिर पेश करें शपथ पत्र के साथ जवाब

डायरेक्टर मेडिकल एजुकेशन हाईकोर्ट में हुए हाजिर: हाईकोर्ट ने कहा; पूर्व रजिस्ट्रार को क्यों दे रहे स्पेशल ट्रीटमेंट

जबलपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता में हुए फर्जीवाड़े को लेकर हाईकोर्ट ने नर्सिंग कौंसिल की पूर्व रजिस्ट्रार सुनीता शिजू पर फर्जीवाड़े के मामले कार्रवाही करते हुए हटाने के लिए सरकार को निर्देश दिए थे। सरकार ने इस मामले में कोर्ट को बताया कि सुनीता शिजू का जीएमसी भोपाल से एमजीएम कालेज़ इंदौर ट्रांसफर कर दिया गया है। याचिकाकर्ता ने सरकार के इस जवाब को गलत बताते हुए कहा कि हाईकोर्ट की फटकार के बाद आनन- फानन में 12 जुलाई को सुनीता शिजू का ट्रांसफर किया है, जबकि कोर्ट ने तीन माह पहले आदेश दिया था। गुरुवार को डायरेक्टर मेडिकल एजुकेशन डॉक्टर ए.के श्रीवास्तव तमाम दस्तावेजों के साथ हाईकोर्ट में हाज़िर हुए और सरकार की तरफ से जवाब पेश किया। चीफ जस्टिस रवि मलिमठ और जस्टिस विशाल मिश्रा की डिविजन बेंच ने मामले में सुनवाई की और छ्रस्थ्र के जवाब से असंतुष्ट दिखे और शुक्रवार को फिर से शपथ पत्र के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए।

दरअसल नर्सिंग फर्जीवाड़े से संबंधित लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन की जनहित याचिका में आवेदन प्रस्तुत कर एसोसिएशन ने नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता में अनियमितता और परीक्षाओं में देरी सहित विभाग की छवि को धूमिल करने के मामले में नर्सिंग काउंसिल की पूर्व रजिस्ट्रार सुनीता शिजू के खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी जिसमें कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिए थे कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाही की जाए। लॉ स्टूडेंट एसोसिएशन की जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने सुनवाई की और छ्रस्थ्र को तलब किया।

सुनवाई के दौरान गुरुवार को संचालक चिकित्सा शिक्षा कोर्ट रूम में हाजिर रहे और शपथ पत्र पर कोर्ट को जवाब देते हुए बताया कि पूर्व रजिस्ट्रार सुनीता शिजू को बुधवार शाम भोपाल से इंदौर के लिए रिलीव कर दिया गया है, साथ ही हाईकोर्ट के पूर्व आदेश के पालन में सुनीता शिजू को नर्सिंग काउंसिल की रजिस्ट्रार के पद से हटाते हुए विभिन्न अनियमित्ताओं हेतु नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था एवं संतोषजनक जवाब न मिलने पर उनके विरुद्ध विभागीय जांच की कार्यवाही शुरू की गई थी। छ्रस्थ्र के द्वारा कोर्ट में पेश किए गए दस्तावेजों में यह पाया कि कार्यवाही कार्यवाही करने के मामले में देरी की गई है और इस संबंध में सवाल पूछे जाने पर सरकार की ओर से सही उत्तर नही दिए जा सके, जिस कारण से हाईकोर्ट ने डीएमई द्वारा की गई कार्यवाहीयों का दिन प्रतिदिन बार विवरण शुक्रवार को शपथ पत्र में पेश करने के निर्देश दिए साथ ही पूर्व रजिस्ट्रार सुनीता शिजू का पूरा सर्विस रिकॉर्ड पेश करने के निर्देश दिए हैं तथा भोपाल और इंदौर में हुई पोस्टिंग पर हैरानी व्यक्त की है। याचिककर्ता की ओर से अधिवक्ता आलोक वागरेचा ने हाईकोर्ट को बताया कि सरकार द्वारा दोषियों पर कार्यवाही नहीं करते हुए एक अन्य दोषी को नया रजिस्ट्रार बना दिया गया है। गौरतलब है कि जबलपुर नर्सिंग कॉलेज में प्रभारी प्राचार्य के पद पर पदस्थ रहे स्टेला पीटर को सरकार ने विगत दिनों नर्सिंग काउंसिल की रजिस्ट्रार बनाया है। याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट में दस्तावेज पेश करते हुए बताया कि वर्ष 2020 में हुए कॉलेजों की मान्यता के निरीक्षण में स्टेला पीटर इंस्पेक्टर के रूप में ग्वालियर संभाग के 46 कॉलेजों का निरीक्षण उनकी मान्यता की अनुशंसा की थी, किंतु जैसे ही वर्ष 2021 में हाईकोर्ट के आदेश पर नई जांच हुई तो जो 70 कॉलेज अपात्र पाए गए थे उसमें से 16 कॉलेज श्रीमती पीटर की अनुशंसा पर ही खोले गए थे और उस वक्त श्रीमती पीटर ही नर्सिंग काउंसिल की उस कार्यकारिणी समिति की सदस्य थी जिसने वर्ष 2020 के 660 कालेजों को मान्यता प्रदान करने की स्वीकृति दी थी, इन्हीं 2020 के खोले गए कॉलेजों में से 200 से ज्यादा कॉलेज बंद हो चुके हैं और उनकी मान्यता समाप्त की गई है तो फिर उन कॉलेजों की अनुशंसा करने वाली इंस्पेक्टरों के विरुद्ध कार्यवाही करने के स्थान पर उन्हीं में से एक इंस्पेक्टर स्टेला पीटर को रजिस्ट्रार बना दिया गया है।

याचिकाकर्ता ने हाई कोर्ट को यह भी बताया गया कि जानबूझकर दोषी रजिस्ट्रारओं को एक पेज का नोटिस देकर लापरवाही की जाती है जिसके बाद में वह दोषी नहीं पाई जाती हैं और उस जांच रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट की शरण में जाकर स्टे ले लेती हैं । यह नर्सिंग घोटाला है ऐसा है जिसमें सैकड़ों फर्जी कॉलेज खुले और उनकी मान्यता भी समाप्त हुई किंतु गड़बड़ी करने वाले सरकार की जांच में दोषी ही नहीं पाए गए।

लव जिहाद में और छह पर एफआइआर, तीन गिरफ्तार, तीन फरार

मंडला/नवप्रदेश। हाल ही में चर्चा में आए सतना जिले की युवती को मंडला के युवक द्वारा लव जिहाद का शिकार बनाने के मामले में जबरदस्त मोड़ आया है। मंडला पुलिस ने इस संबंध में 6 और अतिरिक्त एफआइआर दर्ज की है। तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है और तीन फरार हैं। यह मामला है लव जिहाद के मामले में आरोपित दानिश अहमद की गिरफ्तारी से पहले उसके साथ ब्लैक मेलिंग करने और उसे सुनियोजित तरीके से सेक्स स्कैंडल में फंसाने तथा डराने धमकाने का प्रयास करने का।

पुलिस के समक्ष इस अपराध के संबंध में आडियो तथा वीडियो प्रस्तुत करने के बाद मंडला कोतवाली पुलिस ने अशफाक खान, असगर कुरेशी, शहजाद उर्फ राजा अली, रौनक खान उर्फ साजरून, दीप्ति कौर और रोहित उर्फ जैकी चंद्रौल पर धारा 384, 386, 388, 120 बी, 506 के अंतर्गत एफआइआर दर्ज की है। कोतवाली थाना प्रभारी जसवंत राजपूत ने बताया कि अशफाक खान, शहजाद अली और दीप्ति कौर को गिरफ्तार कर लिया गया है। शेष 3 आरोपित फरार हैं। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपितों को पहले जिला अस्पताल ले जाकर चिकित्सकीय स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाएगा और फिर उन्हें न्यायालय में पेश किया जाएगा।

यह था मामला

सतना जिले की एक युवती ने मंडला जिले के युवक दानिश अहमद पर शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण किए जाने का मामला मंडला के महिला थाना में दर्ज कराया। युवती ने यह आरोप भी लगाया है कि युवक ने आधार कार्ड में उसका नाम बदलवा कर धार्मिक पहचान बदलवा दिया।पीड़िता के अनुसार दोनों की इंस्टाग्राम से पहचान हुई थी। इसके बाद दोनों मुलाकातें होने लगी। पीड़िता उससे मिलने कुछ एक बार मंडला भी पहुंची। इसी दौरान युवक दानिश ने उसे शादी का झांसा देकर उसके दैहिक शोषण किया और बाद में उसका फोन उठाना बंद कर दिया।

जबलपुर सहित संभाग के जिलों में कहीं-कहीं भारी वर्षा की संभावना

जबलपुर/नवप्रदेश। मौसम विभाग के मुताबिक मानसून की चाल को देखते हुए गुरुवार को भारी वर्षा का अनुमान है। वर्तमान में राजस्थान के दक्षिण-पश्चिमी भाग में कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। गुजरात तट से केरल तट तक अपतटीय द्रोणिका भी बनी हुई है। इन मौसम प्रणालियों के प्रभाव से बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से हवाओं के साथ नमी आ रही है, इसके चलते कहीं-कहीं वर्षा हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे के दौरान भी जबलपुर सहित संभाग के जिलों में कहीं-कहीं भारी वर्षा की संभावना है।

अभी तक 13 इंच वर्षा हो चुकी है

आसमान में बादल होने के बाद भी बुधवार को उमस ने लोगों को गर्मी का अहसास कराया। तापमान 32.2 डिग्री पर पहुंच गया। दरअसल वर्षा न होने की वजह से तापमान में इजाफा, लेकिन मौसम विज्ञानियों का कहना कि मानसून की मौजूदा स्थिति के चलते भारी वर्षा का अनुमान है। इधर दिनभर धूप-बादल के बीच उमस भरी गर्मी भी परेशान कर सकती है। तापमान भी बढ़ा रहा है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 29.1 डिग्री सेल्सियस से बढ़कर 31.1 डिग्री था जो बुधवार को 32 डिग्री जा पहुंचा। न्यूनतम 24.0 डिग्री रहा। अभी तक 13 इंच वर्षा हो चुकी है।

परिजनों का आरोप, देर से दी जानकारी, बच्चों की करवाई MRI

सत्यप्रकाश पब्लिक स्कूल के बच्चों की तबियत बिगड़ी: निजी अस्पतालों में करवाया भर्ती

जबलपुर/नवप्रदेश। जबलपुर ग्वारीघाट के पास स्थित सत्यप्रकाश पब्लिक स्कूल के हॉस्टल में रहने वाले बच्चे बुधवार की रात अचानक ही बीमार हो गए। आनन-फानन स्कूल प्रबंधन बीमार हुए बच्चों को इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर आए और उन्हें भर्ती करवाया। कुछ बच्चों का अभी भी अस्पताल में इलाज जारी है, जबकि कुछ बच्चों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। परिजनों का आरोप है कि बच्चों की बीमारी की सूचना स्कूल प्रबंधन ने छिपाई और काफ़ी देरी से सूचना दी। हालांकि स्कूल प्रबंधन का कहना है कि सिर्फ छह से सात बच्चे बीमार हुए थे, जिनका इलाज करवाया गया है। सभी बच्चे सकुशल है और खतरे से बाहर है।

सत्यप्रकाश पब्लिक स्कूल के हॉस्टल में 10 से 16 साल के करीब डेढ़ सौ बच्चे हॉस्टल में रहते है। अधिकतर बच्चे 6 से 12 क्लास के है। जानकारी के मुताबिक बुधवार की रात हॉस्टल में रहने वाले बच्चों की अचानक ही तबियत खराब हो गई। किसी बच्चे को उल्टी हो रही थी, तो किसी बच्चे के हाथ-पैर कांप रहें थे। स्कूल प्रबंधन बीमार हुए बच्चे को इलाज के निजी अस्पताल ले गए जहां बच्चों को आईसीयू वार्ड में भर्ती करवाया गया। बच्चों के

बीमार होने की सूचना जैसे ही परिजनों को लगी तो वह भी भागे-भागे जबलपुर आए। परिवार वालों को बच्चे अस्पताल में भर्ती मिलें।

बच्चे के परिजनों का आरोप है कि इतनी बड़ी घटना हुई, बच्चा कल से बीमार है पर स्कूल प्रबंधन ने यह जानकारी आज सुबह दी। आशीष अग्रवाल ने बताया कि मेरा भतीजा सत्यप्रकाश पब्लिक स्कूल में 7 क्लास में पड़ता है और हॉस्टल में रहता है। हॉस्टल में रहने वाले बच्चे तीन दिनों से रोजाना बीमार हो रहें है। हमें जब आज सुबह सूचना मिली तो हम स्कूल पहुंचे जहां बताया गया कि बच्चा रामपुर स्थित कुमार अस्पताल में भर्ती है। आशीष सीधे कुमार अस्पताल पहुंचे जहां उनके भतीजे के अलावा और भी बच्चे थे। बताया जा रहा है कि किसी बच्चे का हाथ नही उठ रहा था तो किसी का पैर। कुमार अस्पताल के डॉक्टर ने आशीष को अपने भतीजे की एमआरआई करवाने की सलाह दी। आशीष अग्रवाल का कहना है कि हॉस्टल में बीते तीन दिनों से बच्चे बीमार हो रहें है। अभी तक 80 से 90 बच्चे बीमार हो चुके है, जिन्हें कि शहर के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। बच्चों के परिवार वालों का आरोप है कि रात से बच्चे परेशान है, और उनकी देखरेख के लिए सिर्फ स्पोर्ट्स टीचर था। बच्चों पर दबाव बनाया गया कि वह अपने परिवार वालों से ज्यादा बात ना करें। आशीष का कहना है कि कितने बच्चे बीमार हुए है, उन्हें कहा भर्ती किया गया यह जानकारी स्कूल प्रबंधन देने को तैयार नही है। अचानक से एक साथ इतनी बड़ी संख्या में बीमार हुए बच्चों को लेकर परिजनों ने स्कूल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए है। परिजनों का कहना है कि बच्चे कल से बीमार है, आप आज एमआरआई करवा रहें है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 402 , कौशल्या विहार , नेपियर टाउन , 482001 से प्रकाशित, संपादक- सुशील दत्त , मो. 6262188999 (न्याय क्षेत्र जबलपुर) ।